हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, सोमवार 15 जून 2026



# शहर की प्यास बुझाने कई सालों बाद निगम ने मोंगरा से ली पानी की तीसरी किस्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

हरिभूमि सरोकार

जून का लगभग आधा महीना बीत चुका है और प्री-मानसून की सक्रियता दिखाई नहीं दे रही है। ऐसे में बारिश की देरी से शहर में जल संकट गहराने लगा है। मोहरा स्थित शिवनाथ नदी के डेम में शहर की पेयजल आपूर्ति के लिए सीमित पानी बचा है। जिसके चलते मोंगरा बैराज में रखे आरक्षित पानी की तीसरी और अंतिम किस्त लेनी पड़ी है। ज्ञात हो कि कई सालों बाद निगम को मोंगरा से पानी की तीसरी किस्त लेनी पड़ी है।

प्रतिवर्ष शहर में पेयजल के लिए मोंगरा बैराज में लगभग 30 एमसीएम पानी आरक्षित रखा जाता है, जिसे लगभग तीन बार में दिया जाता है। बीते कुछ वर्षों से मानसून सक्रिय होने के चलते दो किस्त में ही पानी लेना पड़ा है, लेकिन इस वर्ष बारिश में देरी के चलते मोंगरा बैराज से तीसरी और अंतिम किस्त का पानी लिया गया है।

**पखवाड़ेभर का स्टॉक शेष**

मिली जानकारी के अनुसार नगर निगम के पास शहर की प्यास बुझाने के लिए अब करीबन 15 से 17 दिन का स्टॉक शेष है। इस बीच यदि बारिश हो जाती है तो आगे पानी की जरूरत नहीं पड़ेगी। बताया गया कि निगम हर साल मोंगरा बैराज, मोखली एनीकट के साथ ही मटियामोती जलाशय से पानी लेता है। इस बार भी गर्मी के दौरान यहीं से शहर के लिए पानी मंगाया गया है।

## बारिश नहीं होने से बढ़ी पानी की किल्लत, मानसून के आने बाद ही सुधरेंगे अंचल के हालात

### महज ढाई फीसदी बारिश

ज्ञात हो भले ही मानसून जिले में 17 से 20 जून के मध्य दस्तक देता है, लेकिन मानसून का सीजन एक जून से ही शुरू हो जाता है। सरकारी आंकड़ो के अनुसार एक जून से अब तक जिले में महज 0.7 मिमी बारिश दर्ज की गई है, जो दस सालों के औसत का महज 2.5 फीसदी है। इस अवधि में अब तक जिले में 28 मिमी से अधिक बारिश हो जाना चाहिए था। यह भी एक अहम कारण पानी की किल्लत को लेकर बताया जा रहा है।



### छोड़ा 2000 क्यूसेक पानी

शहर की प्साय बुझाने के लिए इस वर्ष नगर निगम को मोंगरा बैराज से पेयजल के लिए 29 एमसीएम पानी दिया जाना था। दो किस्त में निगम द्वारा पहले पानी लिया गया और अब अंतिम किस्त के रुप में 2000 क्यूसेक पानी रविवार को मोंगरा बैराज का दो गेट खोलकर शिवनाथ नदी में मोहारा एनीकट के लिए छोड़ा गया है। इस पानी को मोहारा तक पहुंचने में तीन दिन का समय लगेगा।

### समय से पहले लिया पानी

नगर निगम द्वारा मानपुर-मोहला-अंबागढ़ चौकी जिले के मोंगरा बैराज में अप्रैल और मई माह के लिए पानी आरक्षित रखवाया जाता है, लेकिन इससे पहले ही नगर निगम द्वारा इस वर्ष फरवरी, मार्च माह के दौरान ही पेयजल संकट को देखते मोंगरा बैराज से पानी लिया गया था। इसके अलावा मटियामोती जलाशय से भी नगर निगम द्वारा पानी लिया जाता है।

---

## संग्राहकों को 87 करोड़ का होगा भुगतान, 795 करोड़ पत्तों का संग्रहण!

# चार जिले के सवा लाख संग्राहकों ने तोड़े 1.59 लाख मानक बोरा तेन्दूपत्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अलग खबर

गर्मी की तपिश के बीच वनांचल क्षेत्र में तेन्दूपत्ता संग्रहण के लिए चलाया गया अभियान अब समाप्त हो गया है। चार जिलों में मई महीने से शुरू हुए इस अभियान के दौरान करीबन सवा लाख संग्राहक कार्य में जुटे हुए थे। इनके द्वारा बालोद, राजनांदगांव, कवर्धा और केसीजी जिले में कुल 1.59 लाख मानक बोरा यानी लगभग 795 करोड़ पत्तों का संग्रहण किया गया। इसके बदले संग्राहकों को 87 करोड़ से अधिक का भुगतान भी किया जा रहा है।

उल्लेखनीय है कि प्रदेश के खजाने में से एक महत्वपूर्ण हिस्सा तेन्दूपत्ता का भी है। हर साल करोड़ों रुपए का तेन्दूपत्ता वनांचल से तोड़ने का कार्य किया जाता है। अंचल के लगभग चार जिलों में भी विगत एक महीने से पत्ता तोड़ाई का काम शुरू कर दिया गया था। इस बार तेज धूप और बेमौसम बारिश का खलल कम रहने के चलते पत्तों की क्वालिटी बेहतर देखने को मिली है। आधिकारिक दैनिक प्रगति रिपोर्ट के अनुसार प्रदेश के प्रमुख जिलों जिनमें राजनांदगांव, खैरागढ़, बालोद और कवर्धा शामिल हैं, वहां संग्रहण तथा भुगतान की स्थिति अत्यंत सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ रही है। इन सभी जिलों के अंतर्गत आने वाली कुल 106 समितियों के माध्यम से यह जमीनी स्तर का संग्रहण कार्य लगातार किया जा रहा है। संग्राहकों को भुगतान भी शुरू कर दिया गया है। इस पूरी प्रक्रिया में राज्य सरकार द्वारा तेंदूपत्ता संग्राहकों को उनके पारिश्रमिक का तेजी से और पूरी तरह पारदर्शी तरीके से ऑनलाइन सॉफ्टवेयर के माध्यम से सीधा भुगतान किया जा रहा है। मौसम सामान्य रहने से ग्रामीण अंचलों और वनवासियों में भारी उत्साह देखने को मिल रहा है तथा वे इस महत्वपूर्ण योजना से लगातार जुड़कर अपना आर्थिक विकास कर रहे हैं। ज्ञात हो कि इस बार तेज धूपके चलते तेन्दूपत्ता की क्विलिटी बेहतर देखने को मिली है।

### कुंडकल में सर्वाधिक दाम

अविभाजित जिले में इस बार तेन्दूपत्ता के दामों में काफी इजाफा देखने को मिला। बताया गया कि एमएमसी जिले के कुंडकल फड़ में सर्वाधिक 12 हजार 591 प्रति मानक बोरा का दाम तय हुआ। वहीं सबसे कम 4748 प्रति मानक बोरा साल्हेवारा के लिए आया। ज्ञात हो कि खैरागढ़ जिले में 20 समितियों के 256 फड़, राजनांदगांव जिले के डोंगरगढ़ ब्लॉक की 7 समितियों के 87 फड़ एवं राजनांदगांव एवं एमएमसी जिले के 50 समितियों के 639 फड़ में तोड़ाई की गई है।



### कई योजनाएं भी संचालित

तेंदूपत्ता संग्राहक परिवार के बच्चों के लिए छात्रवृत्ति योजना जैसे प्रतिभाशाली छात्रवृत्ति योजना, मेधावी छात्रवृत्ति योजना, गैर व्यावसायिक छात्रवृत्ति योजना, व्यावसायिक छात्रवृत्ति योजना एवं परिवार के सदस्यों के लिए राजमोहनी देवी तेंदूपत्ता संग्राहक योजना, संघ संचालित सामूहिक सुरक्षा योजना संचालित है। वर्ष 2025 में तेंदूपत्ता संग्राहक परिवार के एक महिला सदस्य को 49799 नग जूती वितरण किया गया है।

### नांदगांव में सर्वाधिक, कवर्धा में टारगेट से अधिक तोड़ाई

कवर्धा जिले ने इस वर्ष अपने निर्धारित लक्ष्य को पार कर लिया है। वहां 40100 मानक बोरा के लक्ष्य के मुकाबले 100 प्रतिशत से अधिक यानी 40214 मानक बोरा का संग्रहण कार्य पूरा हो चुका है। इस जिले में 31310 संग्राहक जुड़े हैं, जिन्हें 9 करोड़ 32 लाख रुपए का त्वरित भुगतान किया जा चुका है। राजनांदगांव जिले में सबसे अधिक 80800 मानक बोरा का विशाल लक्ष्य रखा गया था। जिसमें से अब तक 63732 मानक बोरा की खरीदी पूरी हो चुकी है। यहां सर्वाधिक 48261 संग्राहकों को 5 करोड़ 59 लाख रुपए का भुगतान किया गया है। खैरागढ़ जिले में 39700 के लक्ष्य में से 31950 मानक बोरा, जो 80 प्रतिशत के करीब है। यहां 25678 संग्राहकों को 8 करोड़ 69 लाख रुपए दिए जा चुके हैं। बालोद जिले में 25800 के लक्ष्य विरुद्ध 23867 मानक बोरा का काम पूरा हुआ है। यहां 22958 संग्राहकों को 3 करोड़ 70 लाख रुपए का भुगतान किया गया है।

### 1.86 लाख का था टारगेट

रिपोर्ट के आंकड़े अनुसार इन चार जिलों को में 186400 मानक बोरा तेंदूपत्ता संग्रहण का एक लक्ष्य निर्धारित किया गया था। जिसके एवज में 159764 मानक बोरा तेंदूपत्ता की खरीदी सफलतापूर्वक पूरी की जा चुकी है, जो निर्धारित लक्ष्य का लगभग 85 प्रतिशत है। इस कार्य में 128207 ग्रामीण स्तर के संग्राहक सीधे तौर पर शामिल हैं, जिन्हें उनकी मेहनत के पारिश्रमिक के रूप में कुल 87 करोड़ 87 लाख रुपए की राशि का भुगतान किया जा रहा है। सहकारी संघ द्वारा अब तक 33481 संग्राहकों के बैंक खातों में 27 करोड़ 32 लाख रुपए ऑनलाइन भुगतान किया जा चुका है।

---

## उत्तर ब्लॉक कांग्रेस ने किया प्रदर्शन

# पेयजल समस्याः महिलाओं ने मटका फोड़कर जताया विरोध



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर के नवागांव और बाबूटोला क्षेत्र में विगत कई वर्षों से पेयजल का संकट गहराया हुआ है। यहां अमृत मिशन से पानी टंकी बनने के बाद भी क्षेत्र के कई हिस्सों में पानी नहीं पहुंच पा रहा है। जिसको लेकर लोगों में आक्रोश है। रविवार को बाबूटोला और नवागांव क्षेत्र के लोगों ने उत्तर ब्लॉक कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ सड़क पर प्रदर्शन करते मटका फोड़कर विरोध जताया।

शहर के वार्ड नंबर 1 बाबूटोला और नवागांव के लोग लगातार पेयजल संकट से जूझ रहे हैं। बीते लगभग दो माह से बाबूटोला क्षेत्र में नल से पानी नहीं आने के चलते समस्या बनी हुई है। प्रदर्शन में पहुंची वार्ड की रेखा वर्मा ने बताया कि नल से पेयजल आपूर्ति नहीं हो पा रही है। वहीं पानी का टैंकर भी पर्याप्त नहीं मिल पा रहा है। जिससे काफी समस्या हो रही है। वार्ड में तीन जगह हैंडपंप है, लेकिन लगभग 1 वर्ष से वह भी खराब पड़ा हुआ है।

**उग्र प्रदर्शन की चेतावनीः** उत्तर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष चेतन भानुशाली ने कहा कि ट्रिपल इंजन की सरकार में जनता को मूलभूत सुविधा भी नहीं मिल पा रही है। लोग पेयजल के लिए भी तरस रहे हैं। उन्होंने कहा कि जल्द ही यहां अगर पेयजल की समस्या से छुटकारा नहीं मिला तो आगे उग्र आंदोलन किया जाएगा।

### निगम के खिलाफ जमकर आक्रोश

उत्तर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष चेतन भानुशाली के नेतृत्व में किए गए प्रदर्शन के दौरान मुख्यमंत्री, विधायक, सांसद और महापौर की तस्वीर रखकर उनके खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई। इस दौरान वार्ड के लोगों ने सड़क पर बैठकर प्रदर्शन किया और खाली मटकों को फोड़कर निगम प्रशासन के खिलाफ आक्रोश जताया। प्रदर्शन के दौरान विनय झा, विशु अजमानी, अभिमन्यु मिश्रा, सुरेन्द्र देवांगन, पूर्णिमा नगदेवे, गोलू नायक सहित अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता और वार्डवासी उपस्थित थे।

### टंकी निर्माण की मांग

प्रदर्शन को लेकर वार्ड के पार्षद राजा तिवारी ने कहा कि यहां अमृत मिशन से पानी की टंकी बनने के बाद भी पेयजल की समस्या हल नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि अमृत मिशन में हुए भ्रष्टाचार का खामियाजा यहां की जनता को भुगतना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि वार्ड में टैंकर से पानी की सप्लाई भी कम कर दिया गया है और टैंकर भी आधा खाली लाया जाता है। उन्होंने मांग करते कहा है कि बाबूटोला क्षेत्र में एक पानी टंकी का निर्माण शीघ्र किया जाए।

---

## खबर संक्षेप

### विस अध्यक्ष रमन 15 को जिले के प्रवास पर



**राजनांदगांव।** विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह कल 15 जून को जिले के प्रवास पर रहेंगे। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सिंह दोपहर 12 बजे ग्राम सुरगी पहुंचेंगे एवं कृषक संगोष्ठी कार्यक्रम में शामिल होंगे। 1.30 बजे ग्राम सुरगी से कार द्वारा प्रस्थान कर दोपहर 1.45 बजे स्पीकर हाऊस राजनांदगांव पहुंचेंगे एवं समय आरक्षित रहेगा। विधानसभा अध्यक्ष शाम 4.30 बजे स्पीकर हाऊस राजनांदगांव से कार द्वारा प्रस्थान कर शाम 4.40 बजे पुलिस लाइन राजनांदगांव पहुंचेंगे एवं पहल कार्यक्रम में शामिल होंगे। विस अध्यक्ष डॉ. सिंह शाम 6 बजे पुलिस लाइन राजनांदगांव से कार द्वारा सेवा सदन बस स्टैंड के पास दुर्ग के लिए प्रस्थान करेंगे।

## मॉय एंगल




---

# पानी टंकी के पास शराब की अवैध बिक्री, गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

धरपकड़ अभियान के तहत पुलिस ने आरोपी को पकड़कर कार्रवाई की है। आरोपी से देशी शराब बरामद किया गया है।



पुलिस सूत्रों के अनुसार 13 जून को थाना छुईखदान पुलिस द्वारा मुखबीर की सूचना पर ग्राम बुंदेली स्थित पानी टंकी के पास खार रोड़ में रेड कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान आरोपी तारण धुर्वे 39 वर्ष निवासी ग्राम बुंदेली को अवैध रूप से शराब बिक्री करते पकड़ा गया। आरोपी के कब्जे से 3 नग अध्धी देशी प्लेन शराब प्लास्टिक शीशी कीमत 480 रुपए, 2 नग अध्धी देशी प्लेन शराब कांच शीशी कीमत 320 रुपए, 8 पौवा देशी प्लेन शराब कांच शीशी कीमत 640 रुपए, शराब बिक्री की नगद रकम 500 रुपए कुल जुमला कीमत 1,940 रुपए जब्त कर पुलिस कब्जे में लिया गया। आरोपी के विरुद्ध थाना छुईखदान में धारा 34(1)(ख) छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम के तहत वैधानिक कार्रवाई की गई।

---

# नए शिक्षा सत्र से जिले की स्कूलों में गूंजेगा सरस्वती वंदना व गायत्री मंत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

छग शासन के स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा नए शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए स्कूलों में दैनिक गतिविधियों को लेकर एक बड़ा और महत्वपूर्ण आदेश जारी किया गया है। शासन के मंशानुरूप अब जिले के सभी शासकीय और अशासकीय स्कूलों में सुबह की प्रार्थना से लेकर छुट्टी होने तक का शेड्यूल पूरी तरह बदल जाएगा। इस नए आदेश का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं का बौद्धिक विकास करना और उन्हें अपनी संस्कृति एवं परंपराओं से अवगत कराना है।

आदेश मिलते ही राजनांदगांव जिला शिक्षा अधिकारी ने मुस्तैदी दिखाते जिले के सभी विकासखंड शिक्षा अधिकारियों, संकुल समन्वयकों और शाला प्रमुखों को इस नियम का कड़ाई से पालन करने के कड़े निर्देश दिए हैं। जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा सभी शाला प्रमुख को निर्देश का पालन करने कहा गया है और शाला में आवश्यक तैयारियों के लिए भी निर्देशित किया गया है। नए नियमों के अनुसार सुबह प्रार्थना के समय स्कूलों में अनिवार्य रूप से राष्ट्रगान, राष्ट्रगीत, दीपमंत्र, सरस्वती वंदना, गुरु मंत्र और महापुरुषों की जीवनी का वाचन किया जाएगा। मध्यान्ह भोजन के समय भोजन मंत्र का उच्चारण, छुट्टी होने के समय राज्यगीत, गायत्री मंत्र और शांति मंत्र का गायन सुनिश्चित किया जाएगा।

### सभी शाला प्रमुखों को निर्देश

जिला शिक्षा अधिकारी ने सभी शाला प्रमुखों को निर्देशित किया है कि वे अपने-अपने स्कूलों में इन नियमों को अनिवार्य रूप से लागू करने के लिए समय रहते सभी तैयारियां पूरी कर लें। इसमें प्रार्थना सभा के दौरान महापुरुषों की जीवनी की पुस्तकों की उपलब्धता सुनिश्चित करना तथा बच्चों को इन मंत्रों और गीतों का सही उच्चारण सीखना शामिल है। विभाग की टीमें स्कूलों का औचक निरीक्षण कर इसकी समीक्षा भी करेंगी।

---

## 2125 मतदाताओं ने किया मतदान, देर शाम तक चली मतगणना

# नोबल बने साहू समाज के नए जिला अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

साहू समाज की नई जिला कार्यकारिणी को लेकर कराए गए चुनाव के परिणाम भी सामने आ गए हैं। रविवार को सुबह 9 बजे से दोपहर तीन बजे तक चली मतदान की प्रक्रिया के बाद ही मतगणना शुरू कर दी गई थी। देर शाम तक चली मतगणना की प्रक्रिया के बाद परिणाम सामने आए।

जिसमें नोबल साहू ने 83 मत से जीत हासिल करते हुए अध्यक्ष पद पर निर्वाचित हुए। इसके अलावा उपाध्यक्ष सहित तीन अन्य पद को लेकर भी परिणाम सामने आ गए हैं। मतगणना के साथ ही विजयी प्रत्याशियों को निर्वाचन प्रमाण पत्र भी सौंप दिया गया।

उल्लेखनीय है कि निवर्तमान अध्यक्ष भागवत साहू के तीन साल के कार्यकाल के पूरा होने के बाद जिला साहू संघ की नई कार्यकारिणी के लिए चुनाव कराए गए। जिसके लिए रविवार को गौरवपथ स्थित साहू भवन में मतदान कराया गया। सुबह से गहमा-गहमी के बीच जिलेभर से पहुंचे समाज के 2125 सदस्यों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। कुल 75 फीसदी मतदान दर्ज किया गया। इस चुनाव में अध्यक्ष, महिला उपाध्यक्ष और पुरूष उपाध्यक्ष के साथ ही महिला एवं पुरूष संगठन सचिव पद को लेकर चुनाव कराए गए हैं।



### 83 मतों से विजयी

साहू समाज अध्यक्ष पद के लिए हुए चुनाव में पांच उम्मीदवार मैदान में थे। अध्यक्ष पद के लिए नोबेल साहू को सर्वाधिक 756 मत मिले। वहीं उनके निकटतम कमल किशोर साहू को 674 मत हासिल हुए। अध्यक्ष पद के लिए 82 मतों के अंतर से नोबेल साहू ने अपनी जीत दर्ज की। इसके अलावा अध्यक्ष पद प्रत्याशी शेखर साहू को 187, विवेक साहू को 191, और टोमन साहू को 307 मत हासिल हुए। वहीं 10 मत रिजेक्ट हुए।

### रोजगार, शिक्षा और स्वास्थ्य पर होगा काम

अपनी जीत के बाद अपनी प्राथमिकता को लेकर समाज के नवनिर्वाचित अध्यक्ष नोबेल साहू ने कहा कि समाज को एकजुट करके चलेंगे। समाज को संगठित करने की दिशा में कार्य किया जाएगा। वहीं उन्होंने कहा कि मजबूत समाज की स्थापना के साथ समाज के युवाओं को रोजगार, शिक्षा से जोड़ेंगे और समाज के लिए स्वास्थ्य की दिशा पर काम किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सभी वरिष्ठों का अनुभव लेकर आगे बढ़ेंगे।






## खबर संक्षेप

### शिविर में तिजकुंवर को मिली ऋण पुस्तिका

**छुरिया।** सुशासन तिहार अंतर्गत ग्राम पंचायत गोपालपुर में आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर ने एक किसान परिवार की समस्या का समाधान हुआ। भोलापुर निवासी तिजकुंवर को शिविर में तत्काल ऋण पुस्तिका दी गई। तिजकुंवर के पति रामचरण ने बताया कि उनकी पत्नी के स्वामित्व की भूमि मातेखेड़ा में है। खाता विभाजन होने के बाद भी उन्हें ऋण पुस्तिका प्राप्त नहीं हुई थी। ऋण पुस्तिका के अभाव में खाद, बीज एवं कृषि दवाइयों की खरीदी, कृषि ऋण प्राप्त करने तथा विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। शिविर में उन्होंने अपनी समस्या से प्रशासन को अवगत कराते ऋण पुस्तिका बनवाने आवेदन प्रस्तुत किया। आवेदन प्राप्त होते ही राजस्व विभाग द्वारा आवश्यक प्रक्रिया पूरी कर ऋण पुस्तिका प्रदान किया।

### अधिवेशन में शामिल हुई विधायक

**डोंगरगढ़।** शहर के मोटेल छिरपानी में छत्तीसगढ़ ढीमर समाज के



तत्वावधान में वार्षिक अधिवेशन का आयोजन किया गया। अधिवेशन में विधायक हर्षिता स्वामी बघेल ने शामिल होकर समाजिकजनों से मुलाकात की। उन्होंने समाजिक एकजुटता, समरसता और शिक्षा के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि समाज के सर्वांगीण विकास में सभी की सहभागिता आवश्यक है। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न सामाजिक, शैक्षणिक एवं संगठनात्मक विषयों पर चर्चा की गई। समाज के उत्थान, युवाओं को शिक्षा और रोजगार से जोड़ने तथा सामाजिक एकता को मजबूत बनाने के लिए सामूहिक प्रयासों पर बल दिया गया।

### जितेंद्र सिंह बने सेवादल के संयुक्त सचिव



**डोंगरगढ़।** कांग्रेस कार्यकर्ता जितेंद्र सिंह भाटिया को प्रदेश कांग्रेस सेवादल का संयुक्त सचिव नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति से कांग्रेस कार्यकर्ताओं में खुशी का माहौल है। जितेंद्र सिंह भाटिया इससे पहले जिला कांग्रेस सेवादल ग्रामीण के अध्यक्ष रह चुके हैं। प्रदेश कांग्रेस सेवादल में संयुक्त सचिव की जिम्मेदारी मिलने पर पार्टी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं तथा शुभचिंतकों ने उन्हें बधाई दी है।

### डॉ. आशा चौधरी बनी प्रभारी प्राचार्य

**डोंगरगढ़।** उच्च शिक्षा विभाग के आयुक्त के निर्देशानुसार नेहरू महाविद्यालय में पदस्थ सहायक प्राध्यापक डॉ. आशा चौधरी ने 11 जून को



प्रभारी प्राचार्य का कार्यभार ग्रहण किया। इस अवसर पर महाविद्यालय परिवार ने उनका आत्मीय स्वागत किया। प्राध्यापकों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों ने विश्वास व्यक्त किया कि डॉ. चौधरी के नेतृत्व में शिक्षा, अनुशासन, गुणवत्ता एवं समग्र विकास होगा। पूर्व प्रभारी प्राचार्य डॉ. ईवी रेवती ने उन्हें पदभार सौंपते हुए सफल कार्यकाल की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर नितेश तिरपुड़े, नितिन शांडिल्य, शैलेन्द्र यादव, संदीप गजभिए, चित्रा खोबरागड़े, श्वेता गणवीर, धनेंद्र कुमार, प्रीति सहारे, महेश कोटंगल आदि उपस्थित थे। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने भी डॉ. चौधरी को बधाई दी है।

### किसान आज एसडीएम को सौंपेंगे ज्ञापन

**डोंगरगढ़।** मेढ़ा सहकारी समिति में कथित रूप से 904 क्विंटल और 290 क्विंटल धान की हेराफेरी के मामले का लेकर कृषक कल 15 जून को एसडीएम कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपेंगे। जानकारी के अनुसार किसानों द्वारा एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर कथित अनियमितता की जांच कर दोषियों पर कठोर कार्रवाई की मांग की जाएगी। कल ही दोपहर 12.30 बजे नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत का क्षेत्र में आगमन प्रस्तावित है। ज्ञापन सौंपने के बाद किसान रोप-वे परिसर में उनका स्वागत करेंगे।

### पूर्व सीएम से मिले कांग्रेसजन

**डोंगरगढ़।** घुमका नगर पंचायत की नवनिर्वाचित अध्यक्ष फूलमती जय



वर्मा एवं पार्षदों के साथ कांग्रेस नेता विष्णु लोधी ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से सौजन्य भेंट की। इस अवसर पर शाल एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका सम्मान किया गया। भेंट के दौरान जिला कांग्रेस अध्यक्ष विपिन यादव, विधायक हर्षिता स्वामी बघेल, पूर्व विधायक भुवनेश्वर बघेल, पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष नवाज खान, पंकज बांधव, राहुल तिवारी, अमित अग्रवाल, जयकुमार वर्मा, उषा वर्मा, पप्पू वर्मा, रामचंद्र वर्मा, गौरव शर्मा, कुमार बघेल, संतोष गंधर्व, रतनलाल यादव, दुर्गेश द्विवेदी, पंचराम चंदेल, दिलेश्वर वर्मा, गोमेश्वर वर्मा, शेखर वर्मा, केदार साहू, एकांत दुबे, कैलाश शर्मा, ईश्वर लोधी, भगवती वर्मा, विश्राम वर्मा, लिलाम्बर वर्मा सहित अन्य उपस्थित थे। इस दौरान घुमका में कांग्रेस की जीत पर विस्तार से चर्चा हुई।

### प्रशिक्षार्थियों ने किया बम्लेश्वरी के दर्शन

**डोंगरगढ़।** एकल विद्यालय द्वारा आयोजित 10 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर



का समापन गत दिनों हुआ। अंतिम दिन प्रशिक्षार्थियों ने डोंगरगढ़ पहुंचकर मां बम्लेश्वरी का दर्शन-पूजन किया। इस अवसर पर बालिकाओं ने भी मां बम्लेश्वरी के चरणों में मत्था टेककर आशीर्वाद लिया। आयोजकों ने बताया कि 10 दिवसीय इस प्रशिक्षण शिविर में प्रतिभागियों के व्यक्तित्व विकास, संस्कार निर्माण एवं सामाजिक दायित्वों की जानकारी दी गई।

## बदहाल व्यवस्था के बीच मंगलवार को शुरू होगा शिक्षा सत्र

# जर्जर भवन, दरकती दीवारें, टपकती छतें

### नए सत्र में पुरानी समस्याओं से जूझना पड़ेगा छात्रों को

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबागढ़ चौकी

नवीन शिक्षा सत्र मंगलवार से शुरू हो रहा है। सभी स्कूलों को इस साल भी पुरानी समस्याओं से जूझना पड़ेगा। जर्जर भवन, छत व दीवाल की उखड़ती प्लास्टर, झांकती सरिया एवं स्कूल परिसर में घुटने तक पानी के बीच बच्चे पढ़ाई करेंगे।

कलैण्डर बदल रहा है और बच्चे बदल रहे है लेकिन नगर के सरकारी स्कूलो की समस्या वहीं की वहीं खड़ी है। आर्थिक रूप से कमजोर, गरीब परिवार के बच्चो को सरकारी स्कूलों में समस्याओं का सामना करना पड़ेगा। हालांकि पिछले वर्श नगर के स्कूलों की तस्वीर बदलने के जरूर प्रयास हुए लेकिन यह कोशिश कारगर नहीं हो पाई। नगर के सभी सरकारी स्कूलो में शिक्षकों एवं सुविधाओं की कमी है।

#### जीवन दांव में लगाकर पढ़ेंगे बच्चे

चार दशक से अधिक समय से बना बालक पूर्व माध्यमिक शाला में सौ से अधिक बच्चे अपना जीवन दांव में लगा कर भविष्य संवारेंगे। यह भवन जर्जर हो चुका है। छत की कांक्रीट और दीवारो की प्लास्टर उखड़ रही है। हवा का झोंका शिक्षक एवं विद्यार्थी को भयभीत कर देता है। भवन के जर्जर होने के बाद नया निर्माण नहीं हो पाया है लगता है कि प्रशासन को राजस्थान के झालावाड जिले की तरह कोई घटना होने का इंतजार है।

#### किचन शेड का अभाव

कान्हे स्थित प्राथमिक शाला एवं वार्ड 14 की प्राथमिक शाला में किचन शेड का निर्माण नही हुआ है। मध्यान्ह भोजन का संचालन करने वाले समूह को यहां भोजन बनाने और बच्चों को खिलाने में कई तरह की परेशानियों का सामना करना पडता है।

#### प्रशासन को बताया जा चुका

बीईओ श्री धीवर ने बताया कि नगर की पूर्व माध्यमिक शाला भवन की जर्जर स्थिति की सूचना लगातार दी जा रही है। नए भवन के निर्माण की मांग की गई है।



#### कमियों से जूझ रहे हाई व हायर सेकंडरी स्कूल

सरकारी हाईस्कूल एवं हायर सेकेंडरी स्कूल में शिक्षकों की कमी बनी हुई है। उल्लेखनीय है कि पीएम श्री स्वामी आत्मानंद हिंदी व अंग्रेजी माध्यम स्कूल में पिछले वर्ष तो रिक्त शिक्षक पुरे वर्ष नहीं पहुंचे थे। नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी ने वार्ड 4 स्थित जर्जर हो चुके पूर्व माध्यमिक शाला भवन को हटाने की मांग जिला प्रशासन से करते हुए नया भवन निर्माण की मांग की है। श्री मानिकपुरी ने कलेक्टर को बताया कि कंडम भवन में कभी भी अप्रिय घटना हो सकती है।

#### शाला परिसर में रहता है घुटने तक पानी

पीएम श्री प्राथमिक शाला परिसर घुटने तक पानी भर जाता है। शाला आसपास बनी नालियों पर अतिक्रमणकारियों ने दुकान और मकान बना लिया है। बारिश के पानी की निकासी का कोई रास्ता नहीं है। बच्चों को स्कूल तक पहुंचने में परेशानियों का सामना करना पडता है। स्कूल के कमरो तक पहुंचने के लिए कई बच्चे अपने बस्ते सहित पोखर में बदल चुके पानी में गिरकर घायल हो चुके है जिसके बाद भी समस्या जस के तस बनी है।

#### स्कूल का टपकता है छत

मेरेगांव में डेढ़ दशक पूर्व बना प्राथमिक षाला भवन देखने में ठीक है लेकिन बारिश के दिनों छत टपकता है। स्कूल के कमरे तरबतर हो जाते है। मजबूरी में बच्चों को स्कूल छोड़कर घर जाना पड़ जाता है। पिछले कुछ वर्षों से छत मरम्मत की मांग हो रही है। शिक्षा विभाग ने दो तीन साल पहले मरम्मत कराया था लेकिन छत का ऐसी मरम्मत हुई कि पुनः मरम्मत कराने की नौबत आ गई है।

## खाद गोदाम नहीं होने से किसान हो रहे परेशान



हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

ग्राम पंचायत मुसरा कला के किसानों को इन दिनों खाद को लेकर समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। ग्राम में संचालित सहकारी समिति में खाद गोदाम नहीं होने के कारण किसानों को यूरिया, डीएपी एवं पोटाश आदि लेने के लिए दूरस्थ गोदामों में जाना पड़ता है।

किसानों को खाद लेने के लिए लगभग 10 किलोमीटर दूर माड़तिराई, 5 किलोमीटर दूर आलीवारा, 5 किलोमीटर दूर पारागांव तथा 3 किलोमीटर दूर भानपुरी स्थित गोदामों तक जाना पड़ता है जिससे किसानों को समय और धन की हानि उठानी पड़ रही है। किसानों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए ग्राम पंचायत ने मुसरा खुर्द स्थित कचरा संग्रहण केंद्र भवन में खाद भंडारण की व्यवस्था की है, लेकिन ग्रामीणों का कहना है कि यह केवल अस्थायी समाधान है।

#### परिवहन व्यय का नुकसान

ग्रामीणों के अनुसार दूरस्थ गोदामों से खाद लाने के लिए प्रत्येक किसान को 1200 से 1800 रुपये तक परिवहन व्यय करना पड़ रहा है। ग्राम में खाद गोदाम नहीं होने के कारण लगभग 1654 किसान प्रभावित हो रहे हैं। किसानों ने मुसरा कला में शीघ्र खाद गोदाम स्थापना की मांग की है ताकि उन्हें समय पर खाद उपलब्ध हो सके और अनावश्यक आर्थिक नुकसान से बचा जा सके। सरपंच गायत्री शिव टेम्बुलकर ने किसानों की मांग का समर्थन करते हुए प्रशासन से जल्द इस समस्या का समाधान करने का निवेदन किया है।

## नगर पंचायत में बड़े फेरबदल की अटकलें तेज

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के अधिकारियों के तीखे तेवर के बाद नगर पंचायत में बड़े फेरबदल की अटकलें तेज हो गई है।

अधिकारियों की नाराज़गी को देखते हुए कहा जा रहा है कि आने वाले दिनों में कई कर्मचारी इधर से उधर हो सकते हैं।

बीते दिनों नगरीय प्रशासन विभाग की सचिव आर संगीता और संचालक श्री एक्का ने समीक्षा बैठक ली थी। अधिकारीद्वय ने नगर पंचायत की कार्यप्रणाली पर तीखी आपत्ति दर्ज कराई थी। सूत्रों ने बताया कि विधानसभा को झूठी जानकारी भेजने, कूटरचना कर भुगतान करने, नियम विरुद्ध दुकानों के आबंटन हेतु अमानत राशि जमा करने सहित अन्य मसलों पर अधिकारियों ने आपत्ति दर्ज कराया था।



#### विधायक उठा चुके सवाल

विधायक दलेश्वर साहू नगर पंचायत की कार्यप्रणाली को लेकर विधानसभा के बीते सत्र में कई सवाल उठा चुके हैं। सवाल के जवाब में मंत्री ने स्वीकार किया था कि नियम विरुद्ध भुगतान करने के लिए कूटरचना किया गया था। इस खुलासे के बाद अवर सचिव ने मार्च में पांच के खिलाफ कारण बताओ नोटिस जारी किया था।

#### भाजपाई भी विरोध में

भाजपा नेताओं के कथित संरक्षण के कारण अब तक अमला कार्रवाई से बचा हुआ है किन्तु स्थिति बदल चुकी है। पता चला है कि भाजपा पार्षदो के एक खेमा और संगठन के कुछ नेता भी खिलाफ में खड़े हो गए हैं उन्होंने बीते दिनों उप मुख्यमंत्री अरुण साव से मुलाकात कर कई बिंदुओं पर शिकायत की थी। श्री साव ने शिकायतों को सुनने के बाद संचालक को जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए थे।

#### फेरबदल की अटकलें

समीक्षा बैठक में अधिकारियों ने जिस तरीके से तेवर दिखाए है उसके बाद प्रशासनिक बदलाव की अटकलें तेज हो गई है। कहा जा रहा है कि कार्रवाई की चपेट में अधिकारियों के साथ जमीनी कर्मचारी भी आ सकते है। उल्लेखनीय है कि सालों से यहां पदस्थ कर्मचारियों पर गबन, अतिक्रमण की आड़ में उगाही, अवैध निर्माण और प्लाटिंग को बढ़ावा देने, कमीशनखोरी, कार्य में लापरवाही बरतने जैसे आरोप लगते रहे हैं।

## संगठनात्मक गतिविधि तेज करने का निर्णय

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

■ तुमड़ीबोड़ में मंडल स्तरीय बैठक आयोजित

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर भाजपा द्वारा संगठनात्मक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में शनिवार को तुमड़ीबोड़ भाजपा मंडल ने मंडल स्तरीय बैठक का आयोजन किया। बैठक में आगामी गतिविधियों, शक्ति केंद्र एवं बूथ स्तर तक कार्यकर्ताओं को सक्रिय करने तथा सरकार की योजनाओं और उपलब्धियों को आमजन तक पहुंचाने पर चर्चा की गई। बैठक में मंडल प्रभारी मूलचंद लोधी, बंटी जायसवाल, यश पारख, अध्यक्ष जागेश्वर यादव, रामनाथ वर्मा, अमरोतन साहू, टीकम पटेल, जीवनलाल पटेल, जितेंद्र वर्मा, सीताराम बांधे, धर्म जैन, कमलेश साहू, देव कुमार, राजकुमार, मेघा साहू, निर्मला सांडिल्य, पूर्णिमा साहू सहित अन्य शामिल हुए।

## खाद की कालाबाजारी अंकुश लगाने की मांग



हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

खेती का सीजन आते ही क्षेत्र में अवैध खाद बिक्री के साथ कालाबाजारी की शिकायतें सामने आने लगी है।



कतिपय खाद विक्रेता सोसायटियों में पर्याप्त खाद नहीं होने का फायदा उठाते हुए मनमाने दाम पर खाद बेच रहे है। भाजपा नेता तुलसी मिश्रा ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह को स्थिति से अवगत कराते हुए अंकुश लगाने के लिए आवश्यक पहल करने का आग्रह किया है।

जानकारी के अनुसार विक्रेता निर्धारित कीमत से अधिक में खाद बेच रहे हैं। वही यूरिया खाद की डिमांड करने पर किसानों को जबरदस्ती ऐसी समाग्री थमाया जा रहा है जिसका किसान उपयोग नहीं करते है। उन्होंने बताया कि 4 सौ रूपए कीमत वाली यूरिया मार्केट में 8 सौ से 9 सौ रूपए तक में बिक रही है। जानकारी के अनुसार क्षेत्र में कुछ दुकानदार बिना लायसेंस के खाद और कीटनाशक बेच रहे हैं। किराना और हार्डवेयर की दुकानों में भी यूरिया का भंडारण कर ब्लैक में बेचा जा रहा है।

#### नकली खाद की बिक्री

जानकारी के अनुसार क्षेत्र में नकली खाद बेचने की जानाकरी सामने आ रही है। बताया जा रहा है कि कृषि अधिकारी व कर्मचारी मुख्यालय में रहने के कारण क्षेत्र का दौरा नहीं करते जिसका फायदा खाद बेचने वाले उठा रहे हैं।

### पर्यावरण संरक्षण, कचरा प्रबंधन के संबंध में हुई चर्चा

## विशेष ग्रामसभा में विकास कार्यों की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ घुमका

■ पर्यावरण दिवस पर मुड़पार में ग्रामसभा का आयोजन

विश्व पर्यावरण दिवस पर ग्राम पंचायत मुड़पार में ग्रामसभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रभारी सचिव अविनाश चम्पावत, कलेक्टर जितेन्द्र यादव, जिला पंचायत सीईओ सुरूचि सिंह, राज्य सलाहकार अभिलाषा आनंद शामिल हुए। ग्रामसभा का आयोजन ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम के क्रियान्वयन, पर्यावरण संरक्षण, जल संवर्धन एवं स्वच्छता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किया गया था। ग्रामसभा में पर्यावरण संरक्षण, कचरा प्रबंधन, जल संरक्षण तथा ग्रामीण विकास से जुड़े विषयों पर चर्चा की गई।




#### योजनाओं का उठाएं लाभ

जिला पंचायत सीईओ सुरूचि सिंह ने विभिन्न विकास योजनाओं एवं आगामी कार्यों की जानकारी देते ग्रामीणों को योजनाओं का लाभ लेने प्रेरित किया। राज्य सलाहकार अभिलाषा आनंद ने स्रोत स्तर पर कचरा पृथक्करण, पुर्नचक्रण एवं उसके पर्यावरणीय तथा आर्थिक लाभों पर प्रकाश डालते स्वच्छता को जनआंदोलन बनाने का आह्वान किया। ग्रामसभा में पर्यावरण संरक्षण, जल संवर्धन, स्वच्छता एवं सतत ग्रामीण विकास के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने कहा गया। ग्रामीणों ने ग्राम को स्वच्छ, हरित एवं आदर्श ग्राम बनाने का संकल्प लिया। ग्रामसभा में जनपद पंचायत सीईओ मनीष साहू ने ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, सहायक कार्यक्रम अधिकारी फैज मेमन ने जल रक्षा मिशन एवं जिला समन्वयक डॉ. छोटेलाल साहू ने स्वच्छता के संबंध में ग्रामीणों को जानकारी प्रदान दी।

#### स्वच्छता की शपथ

प्रभारी सचिव श्री चंपावत ने ग्रामीणों को स्वच्छता की शपथ दिलाई। श्री चंपावत ने ग्राम में संचालित विकास कार्यों की समीक्षा करते ग्रामीणों से सुझाव लिए। उन्होंने गांव में पौधरोपण, नालियों पर सुरक्षा जाल अथवा ढक्कन लगाने तथा स्वच्छ एवं सुरक्षित ग्राम वातावरण निर्माण करने कहा। कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना की जानकारी देते कहा कि सौर ऊर्जा अपनाकर बिजली व्यय में कमी ला सकते हैं तथा पर्यावरण संरक्षण में योगदान दे सकते हैं। उन्होंने ग्रामीणों को अधिक से अधिक योजना से लाभान्वित होने के लिए प्रोत्साहित किया।

## समिति में अंतिम मिलान में 47 लाख का धान कम

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

धान खरीदी और भंडारण व्यवस्था को लेकर सलोनी सेवा सहकारी समिति एक बार फिर चर्चा में है। अंतिम मिलान के दौरान बड़ी मात्रा में धान की कमी सामने आने के बाद हड़कंप मच गया है। जानकारी के अनुसार करीब 2023.30 क्विंटल धान का अंतर पाया गया है, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 47 लाख है। सूत्रों के अनुसार खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के दौरान समिति में बड़ी मात्रा में धान की खरीदी की गई थी। खरीदी, भंडारण और उठाव की प्रक्रिया के बाद जब अंतिम मिलान किया गया, तब स्टॉक में बड़ा अंतर सामने आया। इस मामले में विभागीय जांच शुरू हो गई है। आशंका है कि भंडारण, परिवहन या रिकॉर्ड संधारण में चूक हुई है, जिसकी विस्तृत जांच आवश्यक है। लोगों का कहना है कि सहकारी समितियों में पारदर्शिता बनाए रखने जांच कर वास्तविक स्थिति सामने लाई जानी चाहिए।





**खबर संक्षेप**

## पशु सखी दीदीयों को कराया गया भ्रमण

**राजनांदगांव**। ए-हेल्प मॉड्यूल अंतर्गत बड़ौदा ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान राजनांदगांव में पशु सखी प्रशिक्षण के प्रशिक्षार्थी दीदीयों को शासकीय पशु प्रजनन प्रक्षेत्र अंजोरा दुर्ग का भ्रमण कराया गया। उप संचालक डॉ. एके नायर ने पशु सखी दीदीयों को बकरी, गाय, मुर्गी के जीवनकाल व उनकी प्रजनन क्षमता, देखभाल, एआई टेक्निक, चारा प्रबंधन, उनमें होने वाले रोग व उनका रोकथाम, टीकाकरण के बारे में विस्तृत जानकारी दी। इस दौरान डेयरी यूनिट, चारागाह, शाहीवाल नस्ल के गाय का भ्रमण कराया गया। इसमें होने वाले टैगिंग व इनके लाभ के बारे में भी बताया। भ्रमण से पशु सखियों को व्यावहारिक ज्ञान हुआ तथा पशुपालन एवं ग्रामीण आजीविका से संबंधित गतिविधियों के प्रति जागरूक हुए।

# विवादित भूमि निजी या सरकारी, डिप्टी कमिश्नर करेंगे अब जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

राजनांदगांव कवर्धा मेन रोड पर सिविल कोर्ट के सामने एडवर्ड पार्क, खसरा नंबर 167, 169 और 170, नजूल प्लॉट नंबर 114 और 115 के अलावा कथित अवैध प्लाटिंग से जुड़ा बहुचर्चित जमीन विवाद में जांच केवल रजिस्ट्री, नामांतरण और प्लाटिंग तक सीमित नहीं रह गई है बल्कि अब इस पूरे मामले की जड़ रियासत के भारत संघ में विलय, निजी संपत्तियों की सूची (इन्वेंटरी) और बाद के संवैधानिक परिवर्तनों तक पहुंच गई हैं।

यही कारण है कि अब जांच का केंद्र यह पता लगाना बन गया है कि विवादित भूमि मूल रूप से निजी संपत्ति थी या राज्य एवं सार्वजनिक उपयोग की भूमि है।

इस विषय को लेकर प्रशासन भी पूरी तरह से गंभीर है। कमिश्नर लेवल तक शिकायत बाद खुद डिप्टी कमिश्नर इस मामले को देख रहे है। दो दिन पहले इस संबंध मे उन्होंने टीम सदस्यों की बैठक लेकर जांच की दिशा भी तय कर दी है।

### मिले दस्तावेज

15 दिसंबर 1947 को रियासत का भारत संघ में विलय हुआ था। विलय के साथ ही रियासत की प्रशासनिक सत्ता, सार्वजनिक संपत्तियां, राजकीय भूमि, खजाना और शासन संबंधी अधिकार भारत सरकार को हस्तांतरित हो गया था वहीं दूसरी ओर शासक परिवार की निजी संपत्तियों को अलग से चिन्हित करने की प्रक्रिया अपनाई गई। इसके लिए निजी संपत्तियों की एक अधिकृत सूची तैयार की गई, जिसे बाद में इन्वेंटरी ऑफ प्राइवेट प्रॉपर्टी कहा गया है और आज एडवर्ड पार्क विवाद में यही दस्तावेज सबसे महत्वपूर्ण माना जा रहा है। सामने आए दस्तावेजों में यह चर्चा तेज हुई है कि 1948 में तैयार निजी संपत्तियों की सूची में महाराज बाग, रानी बाग और रामानुज बाग जैसी कई संपत्तियों का उल्लेख मिलता है लेकिन एडवर्ड पार्क का नाम सार्वजनिक रूप से उपलब्ध सूची में कही दिखाई नहीं देता।

## जमीन विवाद : जांच को लेकर प्रशासन गंभीर

### 1974 की रजिस्ट्री ने खड़ा किया नया सवाल

मामले में सामने आई वर्ष 1974 की रजिस्ट्री ने विवाद को और गहरा कर दिया है। दस्तावेजों के अनुसार प्लॉट नंबर 114 और 115, जिन्हें रजिस्ट्री में एडवर्ड पार्क और बाड़ी




एडवर्ड पार्क बताया गया है, राजपरिवार से जुड़ी अवयस्क सदस्य के नाम हस्तांतरित किया गया। खास बात इसमें यह है कि दादा विक्रेता, पिता मुख्तियार और नातिन लाभार्थी तीनों एक ही सगे परिवार से जुड़े हैं। अब सवाल यह नहीं रह गया कि रजिस्ट्री हुई या नहीं, बल्कि यह है कि यदि भूमि निजी संपत्ति थी तो उसका आधार क्या था और यदि निजी संपत्ति सूची में नहीं थी तो हस्तांतरण किस दस्तावेज के आधार पर किया गया। जमीन मामलों के जानकार बताते हैं कि 1971 में 26वें संविधान संशोधन के बाद प्रीवी पर्स समाप्त कर दिया गया और पूर्व रियासतों के शासकों की विशेष संवैधानिक मान्यता खत्म हो गई। इसके बाद 1973 से 1975 में देश के कई हिस्सों में राजपरिवारों द्वारा संपत्तियों के हस्तांतरण, पारिवारिक रजिस्ट्रियों और निजी स्वामित्व को मजबूत करने की प्रक्रिया तेज हुईं।

### आदेश की उड़ रही धज्जियां

एडवर्ड पार्क की जमीन पर अवैध प्लाटिंग की पुष्टि होने के बाद कलेक्टर कार्यालय ने नपा को कारवाई के लिए सितंबर 25 मे लेटर लिखा। 9 महीने तक नपा इस संबंध में कोई जवाब नही दे पाया। लगातार कार्रवाई की मांग और दबाव के बाद आखिरकार नपा ने निर्माण करा रहे तीन लोगो को जॉच प्रक्रिया पूरी होने तक काम बंद करने कहा लेकिन रसूखदारों ने नपा के उक्त आदेश को कचरे के डिब्बे में फेंक दिया है और आदेश चस्पा होने के बाद भी उक्त स्थल पर निर्माण कार्य चालू है।

### जब्त होंगे सामान

काम बंद करने कहा गया है। दो दिन अवकाश का संबंधितो ने फायदा उठाया होगा। खुद निरीक्षण करने जाऊंगा और काम करते पाए जाने पर सामग्री जब्त के साथ अन्य कारवाई भी होगी। - **पुनीत वर्मा,** सीएमओ नपा

### नजूल रिकॉर्ड और मेंटेनेंस खसरे ने बढ़ाई उलझन

एडवर्ड पार्क विवाद में दूसरा बड़ा पहलू नजूल रिकॉर्ड और मेंटेनेंस खसरा है। राजस्व विशेषज्ञों का मानना है कि केवल किसी रिकॉर्ड में नाम दर्ज होना अंतिम स्वामित्व का प्रमाण नहीं माना जा सकता। स्वामित्व का निर्धारण उस पूरी दस्तावेजी श्रृंखला से होता है जिसके आधार पर नाम दर्ज हुआ। यही वजह है कि अब नजूल अभिलेख, मूल खसरा, बंदोबस्त रिकॉर्ड, मेंटेनेंस खसरा, नामांतरण आदेश और बाद की सभी राजस्व प्रविष्टियों की जांच को महत्वपूर्ण माना जा रहा है। यदि भूमि का मूल स्वरूप सार्वजनिक या शासकीय था तो बाद की प्रविष्टियों की वैधता भी जांच का विषय बन सकती है। शुरुआत में विवाद केवल 22 टुकड़ों में हुई प्लाटिंग और लगभग 85 हजार वर्ग फीट भूमि की बिक्री तक सीमित था। अब जांच इससे भी आगे बढ़ चुका है। अब यह देखा जा रहा है कि खसरा नंबर 167, 169 और 170 और नजूल प्लॉट नंबर 114 और 115 का मूल स्वरूप क्या था, वे किस श्रेणी में दर्ज थे और समय के साथ उसमें क्या परिवर्तन हुआ।

## पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद, चोर हुए फरार

# आधी रात स्टैंड में खड़ी 5 बसों से तीन सौ लीटर डीजल चोरी

## चोरों ने टैंकों का ताला तोड़कर निकाला डीजल

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

शहर के बस स्टैंड को यात्रियों की सुरक्षा और सार्वजनिक संपत्ति की निगरानी के लिए सीसीटीवी कैमरों से लैस बताया जाता है, वहां शनिवार देर रात चोरों ने ऐसी वारदात को अंजाम दिया, जिसने पूरी सुरक्षा व्यवस्था की पोल खोल दी। बस स्टैंड परिसर में खड़ी पांच यात्री बसों से करीब 300 लीटर डीजल चोरी कर लिया गया और पूरी घटना कैमरों में कैद होने के बावजूद चोर आराम से फरार हो गए।

विडंबना यह है कि चोरी कोई जेबकतरी या कुछ मिनटों में होने वाली घटना नहीं थी। आरोपियों ने एक-एक कर लोधी, न्यू लोधी, लक्ष्मी, शिव साई कृपा ट्रैवल्स की पांच बसो के डीजल टैंक के ताले तोड़े, गैलनों में डीजल भरा और करीब आधे घंटे तक पूरे इत्मीनान से काम करते रहे। सीसीटीवी फुटेज अनुसार रात करीब 2 बजे एक सफेद स्कॉर्पियो बस स्टैंड पहुंची। वाहन से उतरे युवक सीधे बसों के पास पहुंचे और टैंक का ताला तोडक़र डीजल निकालना शुरू कर दिया। इत्मीनान से साथ लाया प्लास्टिक का केन डीजल से भरा और छुईखदान रोड की ओर निकल गए। फुटेज से साफ है कि आरोपियों को न तो किसी रोक-टोक का डर था और न ही पकड़े जाने की चिंता। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि उन्हें परिसर की गतिविधियों और सुरक्षा व्यवस्था की पूरी जानकारी थी।



### सुरक्षा व्यवस्था पर उठे सवाल

घटना को केवल डीजल चोरी तक सीमित मानना बड़ी भूल होगी। यह मामला सार्वजनिक परिसंपत्तियों की सुरक्षा, बस स्टैंड प्रबंधन और रात्रिकालीन निगरानी व्यवस्था की गंभीर विफलता को भी उजागर करता है। यदि चोर पांच बसों के टैंक खाली कर सकते हैं, तो भविष्य में किसी बड़ी आपराधिक घटना की संभावना से भी इनकार नहीं किया जा सकता। बस संचालकों का कहना है कि बस स्टैंड परिसर में रात के समय असामाजिक तत्वों की मौजूदगी कोई नई बात नहीं है। अक्सर बसों में शराब की बोतलें, डिस्पोजेबल ग्लास और अन्य सामान मिलते हैं। शिकायतें पहले भी होती रही हैं, लेकिन प्रभावी कार्रवाई नहीं होने का नतीजा अब संगठित चोरी के रूप में सामने आया है।

### डीजल संकट के बीच चोरी

खरीफ सीजन की शुरुआत के साथ डीजल की मांग बढ़ी हुई है। ऐसे समय में 300 लीटर डीजल की चोरी सामान्य घटना नहीं मानी जा सकती। यह आशंका भी जताई जा रही है कि चोरी किया गया डीजल किसी संगठित नेटवर्क के माध्यम से खपाने की कोशिश की जा सकती है। पुलिस ने फुटेज के आधार पर जांच शुरू कर दी है और स्कॉर्पियो सवार युवकों की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है लेकिन चर्चा सिर्फ डीजल चोरी की नहीं बल्कि उस सुरक्षा व्यवस्था की भी है, जो कागजों में मौजूद दिखती है, लेकिन जरूरत पड़ने पर नजर नहीं आती।

# प्री-स्कूल लिटिल मिलेनियम का भव्य शुभारंभ, प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ

- पूर्व सांसद अभिषेक सिंह ने किया भव्य उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

बच्चों के उज्ज्वल भविष्य और उनके सर्वांगीण विकास को नई दिशा प्रदान करने के उद्देश्य से देश के प्रतिष्ठित एवं अग्रणी प्री-स्कूल ब्रांड लिटिल मिलेनियम ने अब राजनांदगांव में अपनी नई शाखा प्रारंभ कर दी है।

हाल ही में विद्यालय के नवीन परिसर का भव्य उद्घाटन समारोह संपन्न हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि पूर्व सांसद अभिषेक सिंह शामिल हुए। इस अवसर पर शहर कांग्रेस अध्यक्ष जितेंद्र मुदलियार समेत शहर के अन्य प्रतिष्ठित नागरिक, शिक्षाविद, समाजसेवी एवं गणमान्यजन बड़ी संख्या में मौजूद रहे। यह संस्थान शिक्षा के क्षेत्र में अपना संपूर्ण जीवन समर्पित करने वाले स्व. विजय पांडे एवं श्रीमती वसुंधरा पांडे की प्रेरणादायी स्मृतियों को समर्पित है।

विद्यालय का उद्देश्य बच्चों को आधुनिक शिक्षा के साथ-साथ श्रेष्ठ संस्कार प्रदान कर उनके व्यक्तित्व का समग्र विकास सुनिश्चित करना है। वर्तमान समय की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते विद्यालय को अत्याधुनिक डिजिटल तकनीक एवं आधुनिक शिक्षण संसाधनों से सुसज्जित किया गया है। जिससे बच्चों की रचनात्मकता, जिज्ञासा एवं छिपी हुई प्रतिभाओं को प्रोत्साहन मिल सके। 'लिटिल मिलेनियम' भारत के सबसे विश्वसनीय एवं सफल प्री-स्कूल नेटवर्क में से एक है। जिसकी देश के 175 से अधिक शहरों में शाखाएं संचालित हो रही है।



### गतिविधि आधारित शिक्षण वातावरण

विद्यालय में 2 से 6 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों के लिए सुरक्षित, आनंददायक एवं गतिविधि-आधारित शिक्षण वातावरण उपलब्ध कराया गया है, जहां उनके बौद्धिक, भावनात्मक, सामाजिक एवं शारीरिक विकास पर विशेष ध्यान दिया जाता है। अनुभवी शिक्षकों एवं आधुनिक शिक्षण पद्धति के माध्यम से बच्चों को प्रारंभिक शिक्षा का मजबूत आधार प्रदान किया जाएगा। शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए सीमित सीटों पर प्रवेश प्रारंभ हो चुके हैं। संस्था की सीएलओ श्रद्धा रेड्डी ने अभिभावकों से अपील करते कहा की अपने बच्चों के बेहतर भविष्य एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर की प्रारंभिक शिक्षा के लिए विद्यालय परिसर कैलाश नगर में संपर्क कर सकते हैं।

# ग्राम कोनारी में पौधारोपण महाअभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

- सभी पौधे रोपकर निभाएं जिम्मेदारी: गांधी

ग्राम पंचायत कोनारी के ग्रामीणों ने महा पौधरोपण अभियान शुरु किया है। जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष दिनेश गांधी ने गत दिनों ग्रामीणों की मौजूदगी में अभियान का शुभारंभ किया। इस मौके पर श्री गांधी ने कहा कि पौधे लगाकर हम पर्यावरण को शुद्ध रखकर आने वाली पीढ़ी को अच्छा माहौल दे सकते हैं।

वृक्षारोपण को औपचारिकता न समझें बल्कि यह हमारा सबसे बड़ा दायित्व है इसलिए तन-मन धन से पौधे लगाने जुट जाएं तथा अन्य को भी प्रेरित करें। उन्होंने बताया कि पर्यावरण संरक्षण के लिए पीपल, बरगद, नीम, आम आदि के पौधे अधिक कारगर है जो फल के साथ छाया भी देते हैं और पर्यावरण शुद्ध रखकर बेहतर भविष्य और अच्छा स्वास्थ्य भी देते हैं। कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य जागृति यदु, जनपद अध्यक्ष रंजिता पटोती तथा जनपद सीईओ रोशनी भगत टोप्पों ने भी अधिक से अधिक पौधे लगाने का आव्हान किया। संचालन वीरेंद्र तिवारी ने किया। इस दौरान अर्जुनी महिला मोर्चा अध्यक्ष ममता पटेल, जनपद सदस्य दीपक पटेल, रेश साहु, शोभना पटेल, घनेन्द्र पटेल, श्री राव, गुलशन पटेल, हरिशंकर सिन्हा, लिलेश पटेल, संध्या मिश्रा दीपा, विद्या ताम्रकर, संगीता जांगड़े, गायत्री देवांगन, धर्मोतीन पटेल, राजकुमारी निर्मलकर, पीलाराम यादव, शेखर पटेल,जानकी कंवर, संतोषी पटेल, हेमलता लाऊत्रे सहित अन्य उपस्थित थे।



# मसूरी में आयोजित प्रशिक्षण शिविर में शामिल हुए विप्लव

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

उत्तराखंड के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल मसूरी में तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया. शिविर में सामाजिक कार्यकर्ता व पूर्व जिपं सभापति विप्लव साहू सहित प्रदेश संयोजक एडवोकेट झालेन्द्र कुमार महिलांगे, रामकुमार जांगड़े, जीडी बंजारे, विक्रम यदु, कौशल कोसरे, बीरसिंह वर्मा, नरेंद्र कुमार, उदय कुमार सहित विभिन्न जिलों से आए अधिवक्ता शामिल हुए। डॉ. अम्बेडकर राष्ट्रीय अधिवक्ता संघ द्वारा आयोजित शिविर में प्रशिक्षक इलाहाबाद के वरिष्ठ अधिवक्ता एडवोकेट बीएम सिंह ने प्रतिभागियों को संगठन, नेतृत्व, सामाजिक दायित्व और संविधानिक मूल्यों पर मार्गदर्शन दिया। प्रशिक्षण दौरान नैतिकता, सही शिक्षा, सामाजिक जागरूकता, संगठन निर्माण व समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने के विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। प्रतिभागियों ने बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर के संदेश शिक्षित बनो, संगठित रहो, संघर्ष करो को जन-जन तक पहुंचाने और समाज को शिक्षित और जागरूक बनाने का संकल्प लिया।

### प्रशिक्षण, पर्यटन एवं सामाजिक प्रेरणा का अनुभव

सही समझ और शिक्षा के माध्यम से ही मजबूत और न्यायपूर्ण समाज निर्माण का भाव लेकर आयोजित शिविर मे प्रतिभागियों को मसूरी की प्राकृतिक और सांस्कृतिक धरोहरों का भी भ्रमण किया। प्रसिद्ध लेखक रस्किन बॉन्ड के निवास क्षेत्र लैंडोर, ऐतिहासिक मॉल रोड, मसूरी झील, आकर्षक वाटर फॉल, बौद्ध मंदिर तथा धनौल्टी स्थित इको पार्क का भ्रमण किया. वहां की हरियाली, शांत वातावरण और हिमालयी पर्वत श्रृंखलाओं के मनमोहक दृश्यों ने सभी को प्रभावित किया. प्रतिभागियों ने उत्तराखंड की पारंपरिक पहाड़ी थाली तथा राज्य पुष्प बुरांश से बनी चाय का भी स्वाद लिया। एक ही दिन में तेज धूप, ठंडी हवा, घने बादल और बारिश का अद्भुत संगम से प्रभावित प्रतिभागियों ने कहा कि शिविर ज्ञान, संगठनात्मक प्रशिक्षण, पर्यटन और सामाजिक प्रेरणा का यादगार अनुभव साबित हुआ।



## पाठ्य सामग्री पाकर बच्चों के चेहरे खिल उठे

# इकरा फाउंडेशन ने 74 जरूरतमंद बच्चों को दी निःशुल्क पाठ्य सामग्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

बीते आठ सालो से शिक्षा के क्षेत्र में निरन्तर काम कर मिसाल कायम कर रही सेवाभावी संस्था इकरा फाउंडेशन ने खैरागढ़ व छुईखदान में समाज के तकरीबन 74 जरूरतमंद बच्चों को निशुल्क पाठ्य सामग्री का वितरण किया।

इस दौरान स्कूल बैग व पाठ्य सामग्री पाकर बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठें। गौरतलब है कि फाउंडेशन ने कक्षा 1 से कक्षा 12 वीं तक अध्ययनरत खैरागढ़ के 51 व छुईखदान के 23 जरूरतमंद बच्चों का मुंह मीठा कराकर उन्हें निशुल्क पाठ्य सामग्री व स्कूल बैग का वितरण किया। इस अवसर पर इकरा फाउंडेशन के संस्थापक सदस्य व नपा उपाध्यक्ष अब्दुल रज्जाक खान, संस्थापक सदस्य सैय्यद जाकिर अली, फाउंडेशन अध्यक्ष खलील कुरैशी, फारुख मेमन, हाजी रिज़वान मेमन, शमशुल होदा खान, मो याहिया नियाज़ी, रियाजुद्दीन कादरी, जुनैद खान, ईमाम खान, आबिद खान सहित छुईखदान से जामा मस्जिद सदर शेख निजामुद्दीन खान, हाजी आजम खान, इब्राहिम खान, अशरफ़ खान आशु, अकरम खान, शोएब खान, अमजद खान, अख़्तर सोलंकी, अफरीदी खान, दादु खान, अल्ताफ खान, शेख शिबान व अफसर खान उपस्थित थे।



### शिक्षा हासिल करने वाला कभी असफल नहीं होता

पाठ्य सामग्री वितरण कार्य को संबोधित करते हुए फाउंडेशन अध्यक्ष खलील कुरैशी ने कहा कि पैसे से ज्यादा महत्वपूर्ण शिक्षा है, क्योंकि इसे हासिल करने वाला कभी असफल नहीं होता। ईमानदारी से पढ़ें क्योंकि अगर आप कड़ी मेहनत करेंगे तो आपको आगे बढ़ने से कोई नहीं रोक सकता। पढ़ाई के दौरान दिक्कत होने पर फाउंडेशन हमेशा साथ खड़े रहेगा। हाजी आजम खान ने कहा कि फाउंडेशन निस्वार्थ भाव से मदद कर रहा इसलिए पढ़ाई का महत्व समझकर अच्छे से पढ़ाई करे और तरक्की करें। फारुख मेमन ने कहा कि बच्चे अच्छी तालिम लेकर कामयाब हो इस उद्देश्य से फाउंडेशन काम कर रहा है। शमशुल होदा खान ने ईमानदारी से पढ़ाई में कर बेहतर भविष्य का निर्माण करने कहा। मो याहिया नियाजी ने कहा कि फाउंडेशन का मकसद पढ़ाई में मदद कर कामयाब इंसान बनाना है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में स्कूली बच्चे सहित उनके परिजन भी मौजूद थे।

# साइमा शेख को मिला प्रोफेशनल मेकअप आर्टिस्ट का सर्टिफिकेट



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

- अभिनेत्री चहल ने साइमा किया सम्मानित

गंडई नगर की होनहार बेटी साइमा शेख ने ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल करते हुए राष्ट्रीय स्तर पर नाम रौशन किया है। अपनी कला, कड़े परिश्रम और दृढ़ संकल्प के बल पर साइमा ने मिरर सैलून एंड ब्यूटी अकादमी से प्रोफेशनल मेकअप आर्टिस्ट का सर्टिफिकेट हासिल किया है। विशेष बात यह है कि साइमा को यह प्रमाण पत्र बॉलीवुड अभिनेत्री माहेक चहल ने प्रदान किया। जानकारी के मुताबिक साइमा शेख क्षेत्र की पहली ऐसी युवती बन गई हैं जिन्होंने सौंदर्य और श्रृंगार के क्षेत्र में उच्च स्तरीय प्रोफेशनल सर्टिफिकेशन प्राप्त किया है।

बचपन से ही ब्यूटी और क्रिएटिव फील्ड में रुचि रखने वाली साइमा ने इस मुकाम तक पहुंचने के लिए दिन-रात मेहनत की। निरंतर अभ्यास और नए ट्रेंड्स को सीखने की उनकी ललक ने उन्हें इस मुकाम पर ला खड़ा किया है। सम्मान समारोह के दौरान मुख्य अतिथि और अकादमी के प्रशिक्षकों ने साइमा के हुनर और काम के प्रति समर्पण की जमकर तारीफ की। इस सफलता से खुश साइमा शेख ने इसका श्रेय अपने माता-पिता, गुरुओं और शुभचिंतकों के विश्वास को दिया है। साइमा ने कहा कि अपनों का सहयोग ही उनकी सबसे बड़ी ताकत रहा है। साइमा शेख की यह कामयाबी युवा पीढ़ी खास तौर पर उन बेटियों के लिए प्रेरणादायक है जो सीमित संसाधनों के बावजूद अपने सपनों को साकार करना चाहती हैं।

# विधायक ने स्वर्णकार समाज को दी भवन बनाने तीन लाख की सौगात



**खैरागढ़**। स्वर्णकार समाज को भवन निर्माण के लिए विधायक यशोदा वर्मा ने विधायक निधि से 3 लाख रुपये की प्रथम किस्त स्वीकृत की है। भवन के भूतल ऊपर हॉल निर्माण की मांग पर विधायक ने समाज को सामाजिक, सांस्कृतिक व पारिवारिक आयोजनों के लिए बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने की दृष्टि से राशि स्वीकृत की है।

स्वीकृति को लेकर स्वर्णकार समाज के प्रतिनिधिमंडल ने विधायक निवास पहुंचकर विधायक यशोदा वर्मा का सम्मान किया और समाज के प्रति उनके सहयोग के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। समाज के अध्यक्ष शेखर सोनी, उपाध्यक्ष मनीष सोनी सहित समाज सदस्यो सहित पदाधिकारियों ने बताया कि स्वीकृत राशि की पहली किश्त मिलते ही निर्माण कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा। भवन विस्तार से समाज की सालो पुरानी आवश्यकता पूरी होगी और भविष्य में बड़े आयोजनों के संचालन में सुविधा मिलेगी। समाज ने विधायक के सहयोग को स्वर्णकार समाज के विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताते हुए आभार व्यक्त किया है।

## सार समाचार

### पर्यावरण व जल संरक्षण का दिया संदेश

**राजनांदगांव।** विश्व पर्यावरण दिवस पर भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ द्वारा जिला स्काउट गाइड भवन स्टेट स्कूल परिसर राजनांदगांव में पौधरोपण कर पर्यावरण एवं जल संरक्षण का संदेश दिया गया। इस अवसर पर भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ के राज्य उपाध्यक्ष राजेन्द्र गोल्छा, जिला मुख्य आयुक्त महेश खंडेलवाल, आजीवन सदस्य उत्तम गेडिया, जिला संगठन आयुक्त स्काउट मयूख श्रीवास्तव, स्काउट मास्टर छुरिया नीलकंठ धुर्वे, स्काउट मास्टर डोंगरगांव मनीष कुमार सोनी उपस्थित थे। इसी तरह जिले के विभिन्न शालाओं में स्काउट गाइड रोवर रेंजर दल द्वारा स्थानीय स्तर पर पौधरोपण कर पर्यावरण जागरूकता एवं जल संरक्षण के लिए प्रेरित किया गया। इस दौरान पोस्टर, रंगोली, शपथ के माध्यम से ध्वनि, जल, ट्री गार्ड लगाकर पर्यावरण सरंक्षण के प्रति जागरूक करने का प्रयास किया गया।

### चयन लिखित परीक्षा 5 जुलाई को

**राजनांदगांव।** मुख्यमंत्री अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति विद्यार्थी उत्कर्ष योजना अंतर्गत वर्ष 2026-27 के कक्षा 6वीं में प्रवेश के लिए 5 जुलाई 2026 दोपहर 12 से 2 बजे तक परीक्षा केन्द्र एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय पेंड्री राजनांदगांव में चयन लिखित परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। आवेदन पत्र अपने अध्ययनरत शाला में 20 जून तक जमा कर सकते हैं।

### अभद्र टिप्पणी, एसपी से कार्रवाई की मांग

**राजनांदगांव।** स्वर्णकार समाज के प्रतिनिधियों ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर समाज के ही दो व्यक्तियों द्वारा सोशल मीडिया समूह में



समाज के प्रति अभद्र एवं आपत्तिजनक टिप्पणी कर सामाजिक सौहार्द्र बिगाड़ने का आरोप लगाया है और एसपी को ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई करने मांग की है। एसपी कार्यालय पहुंचे स्वर्णकार समाज के प्रतिनिधियों ने अपने ज्ञापन में कहा कि समाज के ही जिम संचालक भाईयों द्वारा स्वर्णकार समाज जिला स्तर और कार्यकारिणी प्रादेशिक स्तर में मेढ़ क्षत्रिय स्वर्णकार समाज के प्रति लगातार अभद्र, आपत्तिजनक एवं अमर्यादित भाषा का प्रयोग किया जा रहा है। इनके द्वारा की गई टिप्पणियों से समाज के लोगों की भावनाएं आहत हुई है तथा समाज में रोष एवं असंतोष का वातावरण निर्मित हुआ है। समाज के लोगों ने कहा कि दोनों भाईयों को समाज के प्रबुद्धजनों एवं पदाधिकारियों द्वारा कई बार समझाइश दी गई, इसके बावजूद भी उनके द्वारा लगातार आपत्तिजनक टिप्पणियां एवं समाज को बदनाम करते हुए की जा रही है। उक्त भाईयों द्वारा समाज की प्रतिष्ठा एवं समाज के आदि पुरूष जिन्होंने स्वर्णकार समाज का उत्थान किया है, उनके वंशजों के खिलाफ अभद्र भाषा का उपयोग किया जा रहा है। समाज के लोगों ने इस पर कार्रवाई की मांग की है।

### छोटे नालों-नालियों की सफाई जारी

**राजनांदगांव।** नगर पालिक निगम राजनांदगांव द्वारा शहर में नागरिक सुविधाओं को बेहतर बनाने, साफ-सफाई व्यवस्था सुदृढ़ करने तथा विभिन्न जनसमस्याओं के निराकरण के लिए लगातार कार्रवाई की जा रही है। शहर के विभिन्न क्षेत्रों में प्राप्त शिकायतों एवं आवश्यकताओं के आधार पर संबंधित विभागों द्वारा आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

नगर निगम के स्वास्थ्य अमला द्वारा निगम क्षेत्र में प्रतिदिन साफ-सफाई का कार्य किया जा रहा है। हाल के दिनों में आए अंधड़ एवं तूफान के कारण प्लास्टिक, पन्नी, पत्ते एवं अन्य कचरा सड़कों तथा नालियों में जमा हो गया था, जिसे हटाने की कार्रवाई की गई है। बरसात पूर्व अभियान के तहत बड़े नालों की चरणबद्ध सफाई की जा रही है, ताकि जलभराव की स्थिति निर्मित न हो। नंदई से मोहारा रोड स्थित नाले की सफाई से निकला मलबा सूखने के बाद हटाया जाएगा। छोटे नालों एवं नालियों की नियमित सफाई भी जारी है। सार्वजनिक स्थलों पर निर्माण सामग्री एवं मलबा रखने वालों को नोटिस जारी कर जुर्माना लगाने तथा सामग्री जब्त करने की कार्रवाई की जा रही है। कचरा फैलाने वालों पर भी निगम द्वारा दंडात्मक कार्रवाई की जा रही है।

## पाठशाला के सफल आयोजन के लिए महापौर ने जताया आभार

# गीत-संगीत व जुम्बा डांस के साथ मस्ती की पाठशाला का हुआ समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

3 मई से प्रारंभ होकर 7 सप्ताह तक अलग-अलग खेलों के साथ मस्ती की पाठशाला का भारी भीड़ के बीच आज समापन हुआ। समापन अवसर पर महापौर मधुसूदन यादव ने कहा कि नागरिकों की मांग पर स्वस्थ मनोरंजन के लिए नगर निगम द्वारा मस्ती की पाठशाला आयोजित की गई।

7 सप्ताह के आयोजन के बाद आज मस्ती की पाठशाला का समापन हो रहा है। उन्होंने कहा कि सुबह 6 बजे से ही बच्चे परिवार सहित बड़ी संख्या में पहुंचकर सप्ताह इसका आनंद उठाए हैं। उन्होंने कहा कि 16 जून से शिक्षा सत्र प्रारंभ हो रहा है। साथ ही बारिश भी आने वाली है, जिसे ध्यान में रखकर पाठशाला को विराम दिया जा रहा है। आगामी वर्षों में इसे और भव्य रूप में आयोजित किया जाएगा।





### गीत-संगीत का उठाया आनंद

कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने भी मस्ती की पाठशाला में उपस्थित होकर उत्साहवर्धन कर पाठशाला की सराहना की। पाठशाला का शुभारंभ योगाभ्यास से हुआ। तत्पश्चात बच्चे, युवा, बुजुर्ग, महिलाएं सभी वर्ग के लोगों ने पारंपरिक खेल रस्साकसी, मटकी फोड, रस्सीकूद, पिट्टुल, भौंरा, बैडमिंटन, सांप सीढ़ी, कराटे, तीरंदाजी जैसे विभिन्न खेलों का मजा लिए। वहीं बच्चे झूला, फिसलपट्टी, रिंग डालना, निशाना लगाना आदि खेल का आनंद लेकर चित्रकला के माध्यम से अपनी प्रतिभा उकेरे, जिन्हें यामिनी कला केन्द्र द्वारा पुरस्कृत किया गया। इसके अलावा छोटे-बड़े सभी लोगों ने गाना गाकर गीत-संगीत का आनंद उठाया। वहीं जुम्बा डॉस में छत्तीसगढ़ी व हिन्दी गानों में अंत तक थिरकते नजर आए। बाली अखाड़ा के छोटे बड़े बच्चों ने आग का गोला घुमाने के अलावा अखाड़ा के विभिन्न प्रदर्शन कर लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिए। महापौर मधुसूदन यादव स्वयं गाना गाकर अखाड़ा में प्रदर्शन किया।

### चाय-बिस्किट का वितरण

मस्ती की पाठशाला में उत्कृष्ठ प्रदर्शन करनें वालों को पुरस्कृत किया गया। महाकाल सेना एवं बड़े व्यापारिक संगठन ने महापौर, आयुक्त एवं निगम अध्यक्ष का सम्मान कर उपस्थितजनों को उन्होंने चाय-बिस्किट का वितरण किया। वहीं छत्तीसगढ़ डेंटल कॉलेज की ओर से हेल्थ जांच कर काढ़ा वितरण किया गया। मस्ती की पाठशाला में निगम अध्यक्ष टोपेन्द्र सिंह के अलावा पार्षदों सहित बच्चे, युवा एवं बुजुर्गों की परिवार सहित बड़ी संख्या में उपस्थिति रही।

## एक जुलाई से शुरू हो नया शैक्षणिक सत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

प्रदेश कांग्रेस मीडिया पैनलिस्ट अभिमन्यु मिश्रा ने राज्य सरकार से



मांग की है कि प्रदेश में पड़ रही भीषण गर्मी, असहनीय उमस तथा स्कूलों में मूलभूत सुविधाओं की कमी को देखते नए शैक्षणिक सत्र की शुरूआत 16 जून के बजाय 1 जुलाई से की जाए।

उन्होंने कहा कि वर्तमान परिस्थितियों में स्कूल खोलने का निर्णय बच्चों के स्वास्थ्य और सुरक्षा के साथ गंभीर जोखिम पैदा कर सकता है। उन्होंने कहा कि राजनांदगांव सहित प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में तापमान सामान्य से अधिक बना हुआ है। कई क्षेत्रों में हल्की बारिश के बाद गर्मी और उमस की स्थिति और अधिक विकट हो गई है। मौसम विभाग लगातार लोगों को सावधानी बरतने की सलाह दे रहा है।

ऐसे समय में छोटे-छोटे बच्चों को घंटों तक स्कूलों में बैठाना उचित नहीं है। बच्चे हीट स्ट्रोक, डिहाइड्रेशन, उल्टी-दस्त और अन्य मौसमी बीमारियों की चपेट में आ सकते हैं। सरकार को बच्चों की जान और स्वास्थ्य को प्राथमिकता देनी चाहिए।

# पनेका के एमजीएम स्कूल में अवैध चर्च बनाकर धर्मांतरण का आरोप, कलेक्टर-एसपी को ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर के नजदीकी ग्राम पनेका स्थित एमजीएम स्कूल में अवैध रूप से चर्च संचालित कर हिंदुओं और स्कूली बच्चों का धर्मांतरण (मतांतरण) कराने का एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। इस मामले को लेकर हिंदू जागरण मंच ने कड़ा रूख अख्तियार कर लिया है। मंच के पदाधिकारियों ने शुक्रवार को जिलाधीश और जिला पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपकर मामले की उच्च स्तरीय जांच और दोषियों के खिलाफ तत्काल एफआईआर दर्ज करने की मांग की है।



हिंदू जागरण मंच ने शिकायत में बताया कि पनेका के इस संस्थान को सिर्फ स्कूल संचालन की अनुमति प्रशासन से मिली थी, लेकिन नियमों को ताक पर रखकर स्कूल परिसर के भीतर ही अवैध रूप से चर्च का निर्माण और संचालन किया जा रहा है। यहां प्रत्येक रविवार को विशेष प्रार्थना सभा रखी जाती है। जिसमें स्थानीय ग्रामीणों के अलावा दूर-दराज और बाहरी इलाकों से संदिग्ध लोगों को बुलाया जाता है। आरोप है कि यहां पढ़ाई कर रहे मासूम बच्चों और सीधे-साधे ग्रामीणों को बहला-फुसलाकर मत्तांतरण का खेल खेला जा रहा है। जिससे सनातन समाज की धार्मिक भावनाएं आहत हो रही है। ज्ञापन सौंपने के दौरान हिंदू जागरण मंच की टीम और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता कलेक्टोरेट पहुंचे थे। इनमें प्रमुख सुशील लड्ढा, सविता बॉस, प्रभात गुप्ता, राजा जुगल गुप्ता, संजय मिश्रा, नीलू साहू, भोला यादव, रिंकू तिवारी, भव्य देवांगन, महेंद्र जंगल, हरीश भानुशाली, मनोज गोलछा, आनंद गुप्ता, संतोष टूरहते, रोहित यादव, ऋषभ मल, रितेश साहू, पंपा सिन्हा, आशीष कुमार, मौसमी शर्मा, हेमलाल ढीमर, प्रणेश, आशीष, आनंद गुप्ता, राजू साव सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### फंडिंग जांच की मांग

हिंदू जागरण मंच के नेताओं ने प्रशासन से मांग की है कि इस संवेदनशील मामले को गंभीरता से लेते एक विशेष जांच समिति का गठन किया जाए। यह समिति स्कूल के भीतर चल रही संदिग्ध गतिविधियों और फंडिंग की जांच करें। मंच ने चेतावनी दी है कि यदि पनेका में चल रहा यह अवैध धर्मांतरण तुरंत बंद नहीं हुआ, तो हिंदू समाज सड़कों पर उतरकर उग्र आंदोलन करने मजबूर होगा। जिसकी पूरी जिम्मेदारी स्कूल संचालक और स्थानीय प्रशासन की होगी।

# पुरूषोत्तम मास : 21000 दीपों से जगमगाएगी देव दीपावली

**राजनांदगांव।** राजनांदगांव में श्री सत्यनारायण मंदिर समिति द्वारा आयोजित श्री नारायण श्रद्धा, भक्ति, आराधना एवं संकीर्तन की अविरल धारा के अंतर्गत पुरुषोत्तम मास महोत्सव निरंतर भक्तिमय वातावरण में संपन्न हो रहा है। महोत्सव के 15वें दिवस 15 जून को श्री नारायण धाम में भक्ति, संगीत और दीपोत्सव का भव्य संगम देखने को मिलेगा।

श्री सत्यनारायण मंदिर समिति के अध्यक्ष हरीश अग्रवाल ने बताया कि दोपहर 3.30 बजे से नगर के सुप्रसिद्ध भजन गायक चंद्रेश जैन अपनी मधुर से प्रभु श्रीराम के भजनों की प्रस्तुति देंगे।

समिति के सह-सचिव रामावतार जोशी ने बताया कि पांच विद्वान पंडितों की उपस्थिति में शंखनाद, घंटानाद एवं वैदिक मंत्रोच्चार के साथ श्री सत्यनारायण धर्मशाला से लेकर श्री सत्यनारायण मंदिर तक 21 हजार दीपों से सुसज्जित भव्य देव दीपावली का आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन के विशेष सहयोगी राकेश ठाकुर शनिधाम रानीसागर परिवार रहेंगे।

### कल सत्यनारायण कथा

समिति के उपाध्यक्ष कृष्ण कुमार अग्रवाल एवं राजेश शर्मा ने बताया कि 16 दिवसीय पुरुषोत्तम मास महोत्सव के समापन अवसर पर 16 जून को सुबह 10 बजे श्री सत्यनारायण धर्मशाला, नारायणधाम में पं. कालू महाराज के सानिध्य में श्री सत्यनारायण कथा, हवन-यज्ञ, पूर्णाहुति एवं विश्व शांति हेतु मंगल कामना का आयोजन किया जाएगा। कथा के यजमान श्री सत्यनारायण मंदिर समिति के सदस्यगण रहेंगे। उपरोक्त जानकारी श्री सत्यनारायण मंदिर समिति के सचिव सौरभ खंडेलवाल एवं उत्सव प्रभारी लक्ष्मण लोहिया ने दी।

# भाजपा महिला मोर्चा के पदाधिकारियों की नियुक्ति

**राजनांदगांव।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय, भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष विभा अवस्थी तथा जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत की सहमति से भाजपा महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष पुष्पा गायकवाड़ ने महिला मोर्चा के मंडलों के पदाधिकोरियों की नियुक्ति की घोषणा की है।

राजनांदगांव ग्रामीण पूर्व मंडल अध्यक्ष कनक दुबे, उपाध्यक्ष वेदना देशमुख, शुशिला साहू, अमरिका साहू, लता यादव, लोकेश्वरी निषाद, महामंत्री ऐश्वर्या साहू, अमरिका साहू, मंत्री लक्ष्मी साहू, शशि देवांगन, किरण साहू, मधु देशमुख, मीडिया प्रभारी नीता रात्रे, कोषाध्यक्ष निर्मला साहू, सह-कोषाध्यक्ष नंदा वर्मा, कार्यालय मंत्री रेखा कोसरे, सह-कार्यालय मंत्री मनीषा साहू, प्रवक्ता पूर्णिमा सिवारे, बूथ मित्र प्रभारी अनोखी जोशी, सांस्कृति प्रभारी माधुरी यादव, मन की बात प्रभारी प्रमिला साहू शामिल हैं। इसी तरह लाल बहादुर नगर मंडल अध्यक्ष पुष्पा सिन्हा, उपाध्यक्ष शोभा यादव, नीलम वासनिक, रेश्मा कंवर, सरिता मंडावी, महामंत्री महिमा वर्मा, संगीता साहू, मंत्री सुमन यादव, रवीना वर्मा, पूजा उपाध्याय, प्रियंका बाघामारे, कोषाध्यक्ष पुनेश्वरी कंवर, सह-कोषाध्यक्ष टिकेश्वरी साहू, सोशल मीडिया प्रभारी रीमा सिंह, सोशल मीडिया सह-प्रभारी संगीता नेताम, कार्यालय प्रभारी जमुना साहू। तिलई मंडल अध्यक्ष पुनिता साहू, उपाध्यक्ष आरती देवांगन, देवकुमारी साहू, भुनेश्वरी साहू, योगेश्वरी साहू, सीमा साहू, महामंत्री ललिता साहू, उपासना धनकर, मंत्री लीला साहू, लकेश्वरी साहू, टोमीन साहू, बिंदाबाई साहू, हीना साहू, कोषाध्यक्ष गीयत्री यदु, सह-कोषाध्यक्ष निर्मला टंडन, मीडिया प्रभारी सरोज साहू, कार्यालय मंत्री विभा साहू, सोशल मीडिया प्रभारी दुलेश्वरी साहू, मन की बात प्रभारी कुमारीबाई साहू, प्रवक्ता सरोज साहू, बूथ मित्र प्रभारी संतोषी वर्मा को शामिल किया गया है। वहीं गैंदाटोला मंडल अध्यक्ष हिना शिंदे, उपाध्यक्ष सुनिता बंजारे, भगवती साहू, ममता सोनटेके, कूमेश्वरी साहू, अहिल्या साहू, महामंत्री भारती देवांगन, सरिता साहू, मंत्री निर्मला साहू, सुनिता सिन्हा, कमलेश्वरी साहू, संगीता साहू, बिसोबाई मंडावी, अंगिता सोयम, कोषाध्यक्ष मेनका साहू, सह-कोषाध्यक्ष धनेश्वरी निषाद, मीडिया प्रभारी संतोषी देवांगन, सह-मीडिया प्रभारी गंगोत्री भुआर्य, सोशल मीडिया प्रभारी हेमा कंवर, मन की बात प्रभारी सोनिया चंद्रवंशी को शामिल किया गया है।

# अवैध निर्माण करने वालों ने सरपंच को दी धमकी

■ नोटिस बे-असर, कलेक्टर -एसपी से शिकायत

**राजनांदगांव।** ग्राम सोमनी में व्यावसायिक परिसर की दुकानों को तोड़कर अवैध निर्माण कराने व्यापारी अपनी जिद में अड़ गए हैं। ग्राम पंचायत से नोटिस जारी होने के बाद भी निर्माण पर रोक नहीं लगी है। सरपंच नीलिमा साहू को दुकानदारों ने धमकी दे डाली। पूरे मामले की शिकायत सरपंच ने कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक सहित एसडीएम से की है।

बीते 15 वर्ष पूर्व ग्राम पंचायत ने शासकीय स्कूल की बाउंड्रीवाल से लगकर करीब 24 दुकानों का निर्माण कराकर आवंटन किया है। वर्तमान में इनमें से कई दुकानों की खरीदी-बिक्री हो चुकी है। जिसके बाद से व्यापारी इन दुकानों में बगैर अनुमति तोड़फोड़ कर अवैध तरीके से निर्माण कराने में लग गए हैं। अभी हाल में चार दुकानों का निर्माण हो रहा है। इस अवैध निर्माण की शिकायत पर ग्राम



पंचायत द्वारा व्यापारी राजेश गुप्ता और जितेंद्र वैष्णव को नोटिस भेजा गया। यही नहीं सरपंच नीलिमा साहू ने व्यापारियों को मौखिक रूप से निर्माण कार्य रोकने की बात कही। इसके बाद भी व्यापारियों ने काम बंद नहीं किया, बल्कि सरपंच को ही व्यापारियों ने काम नहीं रोकने की धमकी दे डाली। निर्माण कार्य बंद नहीं करने और धमकी देने के मामले में सरपंच नीलिमा साहू ने व्यापारी जितेन्द्र वैष्णव और राजेश गुप्ता के खिलाफ कलेक्टर व पुलिस अधीक्षक से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है।

### नोटिस के बाद करा दी ढलाई

व्यावसायिक परिसर की चार दुकानों का निर्माण बिना पंचायत की अनुमति से हो रहा है। दुकानों को तोड़कर अवैध निर्माण कराने वाले व्यवसायी पंचायत से नोटिस जारी कर तत्काल काम रोकने के निर्देश दिए गए, लेकिन व्यापारियों ने मनमानी कर दुकानों की छत की ढलाई करा दी है।

### सरपंच ने की कार्रवाई की मांग

सोमनी सरपंच नीलिमा साहू ने कहा कि अवैध निर्माण की शिकायत पर व्यवसायियों को नोटिस भेजा गया। जिसके बाद भी व्यवसायी ढलाई का काम करा लिए हैं। सरपंच ने बताया कि काम पर रोक लगाने की बात कहने पर व्यवसायी जितेंद्र वैष्णव ने जो करना है कर लो, देख लूंगा जैसे शब्द बोलकर धमकी दी है। व्यवसायी जितेंद्र वैष्णव और राजेश गुप्ता के खिलाफ मेरे द्वारा शिकायत की गई है। पंचायत अधिनियम के तहत भी निष्पक्ष जांचकर कार्रवाई की मांग की है।

# काम्या का विश्व स्कूल स्पर्धा में चयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर के सहदेव नगर निवासी काम्या झा का चयन ज्लातिबोर सर्बिया में 13 से 22 जून तक खेली जाने वाली विश्व स्कूल बास्केटबॉल प्रतियोगिता के लिए हुआ है।

काम्या झा ने आठ साल की उम्र में ही अंतर्राष्ट्रीय बास्केटबॉल प्रशिक्षक कालवा राजेश्वर राव एवं कालवा राधा राव से निःशुल्क बास्केटबॉल का प्रशिक्षण प्राप्त करना शुरू कर दिया था। माता-पिता के समर्पण और सहयोग से काम्या झा ने अपनी खेल प्रतिभा को निखारा। काम्या झा ने अब तक 69वीं जूनियर नेशनल बास्केटबॉल प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक, 67वीं राष्ट्रीय शालेय बास्केटबॉल प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक, 68वीं राष्ट्रीय शालेय बास्केटबॉल प्रतियोगिता में सहभागिता, यूथ नेशनल, जूनियर नेशनल, खेलो इंडिया यूथ गेम्स, राष्ट्रीय शालेय मीनी बास्केटबॉल प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक, महेंद्रगढ़ में आयोजित सीबीएसई नेशनल बास्केटबॉल प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक, वाराणसी में आयोजित सीबीएसई नेशनल बास्केटबॉल प्रतियोगिता में रजत पदक, कटक में आयोजित सीबीएसई क्लस्टर बास्केटबॉल प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक, विभिन्न राज्य स्तरीय शालेय बास्केटबॉल प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीता है। इसके अतिरिक्त काम्या ने सिंगापुर में आयोजित एनबीए इंटरनेशनल इन्विटेशनल टूर्नामेंट में भाग लिया। काम्या झा का चयन 69वीं राष्ट्रीय शालेय बास्केटबॉल प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतने में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा रांची में आयोजित भारतीय स्कूल टीम के केम्प के लिए किया गया। जिसमें देशभर से काम्या सहित 75 बालिका खिलाड़ियों को आमंत्रित किया गया। इनमें से ट्रायल के पश्चात कुल 24 बालिकाओं को रांची में ही केम्प के लिए चयनित किया।



### खिलाड़ियों ने दी बधाईयां

काम्या झा की इस उपलब्धि पर उनकी माता पिंकी झा व पिता नारायण झा एवं उनके प्रशिक्षक कालवा राधा राव और कालवा राजेश्वर राव को विभिन्न खेल संघों, खिलाड़ियों और गणमान्य नागरिकों ने बधाईयां दी है।

## सेवाभावी सदस्यों ने किया श्रमदान

# मुक्तिधाम में चला स्वच्छता अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता के प्रति सामाजिक चेतना जागृत करने के उद्देश्य से शक्तिधाम अघोर शोध एवं जनकल्याण आश्रम बाबूटोला द्वारा स्वच्छता पखवाड़ा का शंखनाद किया गया है। इसी संकल्प के तहत रविवार को मोहारा स्थित मुक्तिधाम परिसर में व्यापक सफाई अभियान चलाकर पूरे परिसर की सूरत बदली गई।

आश्रम के गुरुदेव हरीश यादव के मार्गदर्शन में आयोजित इस अभियान में बड़ी संख्या में सेवाभावी सदस्यों ने श्रमदान किया। इस दौरान मुक्तिधाम परिसर का बारीकी से सफाई की गई और नागरिकों से सार्वजनिक स्थलों को स्वच्छ रखने का आह्वान किया गया।



### ग्रामीणों ने बढ़ाया हौसला

इस कार्य में समिति के अखिलेश बंजारा, पिंटू देवांगन, श्रेष्ठा यादव, सिद्धार्थ, रूद्र बंजारा, लाडो, अदिति, धानवी, निकी, पिंटू निषाद, प्रशांत वर्मा, किशन चौरसिया, भैरव सिंह, अजय यादव, लव यादव, बिट्टू रामटेके, राकेश देवांगन, लक्की धनकर, आशीष साहू और आर्यन सहित अन्य युवाओं व सदस्यों ने सक्रिय भागीदारी निभाई।

### शमशान आध्यात्मिक ऊर्जा और अंतिम सत्य का केंद्र : गुरुदेव

अभियान के दौरान गुरुदेव श्री यादव ने अघोर परंपरा के गूढ़ रहस्यों और सामाजिक सरोकारों को जोड़ते कहा कि अघोर परंपरा में शमशान का एक विशेष व पवित्र महत्व है। यह स्थल केवल आध्यात्मिक ऊर्जा का केंद्र ही नहीं, बल्कि मनुष्य को जीवन के अंतिम सत्य का बोध कराने वाली भूमि भी है। ऐसे स्थलों की स्वच्छता व संरक्षण करना पूरे समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है।

### रविवार को रेलवे स्टेशन पर बुझेगी प्यास

समिति ने इस अभियान को केवल एक दिन तक सीमित न रखकर दूरगामी कार्ययोजना तैयार की है। जिसमें स्वच्छता पखवाड़ा के अगले चरण में आगामी रविवार को रेलवे स्टेशन पर यात्रियों के लिए ठंडे और स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था की जाएगी। शहर के विभिन्न वार्डों में स्थित मुक्तिधामों और शमशानों में हर रविवार को क्रमिक रूप से सफाई अभियान चलाया जाएगा। केवल पौधे लगाना ही नहीं, बल्कि उनके जीवित रहने की गारंटी भी तय की गई है। मुक्तिधामों में सघन पौधरोपण कर उनकी देखरेख का जिम्मा स्थानीय सदस्यों को सौंपा जाएगा।

# सीएम ने स्वर्ण हॉकी खिलाड़ी मानिकपुरी का किया सम्मान



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अंडर-19 एशिया कप में भारतीय हॉकी टीम के साथ स्वर्ण पदक जीतकर देश और छत्तीसगढ़ का नाम रोशन करने वाले युवा हॉकी खिलाड़ी अवि मानिकपुरी का मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सहित उपमुख्यमंत्री अरुण साव, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने सम्मान किया। मुख्यमंत्री ने अवि की उपलब्धि की सराहना करते उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट कर उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

सीएम निवास में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ के खिलाड़ी लगातार राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर प्रदेश का गौरव बढ़ा रहे हैं। इस अवसर पर विक्रम सिसोदिया, फिरोज अंसारी, मनीष श्रीवास्तव, रोहित बाजपई, रवि पारीक, मृणाल चौबे, अनुराज श्रीवास्तव, अमिताभ मानिकपुरी, धनीराम यादव, सचिन खोब्रागढ़े, योगेश द्विवेदी, अभिनव मिश्रा, कृष्णा यादव, लवी मानिकपुरी आदि उपस्थित थे।

**नुकसान:** बिजली खंभे धराशायी, क्षेत्र के कई गांव प्रभावित, घंटों गुल रही बिजली

# तेज आंधी-तूफान ने मचाई भारी तबाही, उड़े छप्पर, फसल बर्बाद, किसानों की बढ़ी चिंता





हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरबसपुर

शनिवार शाम अचानक बदले मौसम ने बरबसपुर क्षेत्र सहित आसपास के ग्रामीण इलाकों में भारी तबाही मचा दी। शाम करीब 5 बजे तेज आंधी-तूफान के साथ हुई बारिश ने जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित कर दिया।

तेज हवाओं के कारण कई कच्चे मकानों के छप्पर उड़ गए, पेड़-पौधे उखड़कर सड़कों और गलियों में गिर पड़े और कई बिजली खंभे और विद्युत तार क्षतिग्रस्त हो गए। इसके चलते अनेक गांवों में घंटों तक बिजली आपूर्ति बाधित रही। तेज आंधी-तुफान और बारिश का सबसे अधिक असर किसानों पर पड़ा।

क्षेत्र के ग्राम बरबसपुर, बीजाझोरी, सारंगपुर खुर्द, हरिनछपरा, राम्हेपुर, चंदनपुर, दौजरी, नाऊडीह, जेवड़न खुर्द, बांझीमौहा, डबराभाट और सिंघनपुरी सहित कई गांवों के किसानों ने अपने खेतों में केले, पपीता और विभिन्न प्रकार की साग-सब्जियों की खेती की थी। फसलें फल-फूल रही थीं और कटाई के लिए लगभग तैयार थीं, लेकिन तेज हवाओं और बारिश ने उन्हें भारी नुकसान पहुंचाया। कई स्थानों पर केले और पपीते के पेड़ धराशायी हो गए, जिससे किसानों की महीनों की मेहनत पर पानी फिर गया।

ग्रामीणों ने बताया कि तेज आंधी तुफान की रफ्तार इतनी तेज थी कि कच्चे मकानों के खपरैल और पॉलिथीन से ढके छप्पर उड़ गए। कई परिवारों को रात असुरक्षा और चिंता के बीच बितानी पड़ी। सड़कों और खेतों में बड़े-बड़े पेड़ गिरने से आवागमन भी प्रभावित रहा। बिजली खंभे और 11 केवी लाइन के तार गिर जाने के कारण कई गांवों में लंबे समय तक बिजली आपूर्ति बंद रही। बिजली नहीं होने से ग्रामीणों को पेयजल संकट का भी सामना करना पड़ा, क्योंकि अधिकांश जगहों पर पानी की आपूर्ति विद्युत मोटरों पर निर्भर है।

### ग्रामीण किसानों ने कि उचित मुआवजा की मांग

प्राकृतिक आपदा से हुए नुकसान के बाद किसानों ने शासन-प्रशासन से फसल क्षति का सर्वे कराकर उचित मुआवजा देने की मांग की है। वहीं जिन गरीब परिवारों के घरों के छप्पर उड़ गए हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पक्के मकान की मांग उठाई है। ग्रामीणों का कहना है कि हर वर्ष मानसून के दौरान तेज आंधी तुफान और बारिश से उन्हें नुकसान उठाना पड़ता है। यदि पात्र परिवारों को समय पर आवास योजना का लाभ मिले तो ऐसी परेशानियों से काफी हद तक राहत मिल सकती है। ग्रामीणों ने प्रशासन से प्रभावित क्षेत्रों का शीघ्र निरीक्षण कर राहत व सहायता उपलब्ध कराने की मांग की है।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस में हुआ योगाभ्यास, यज्ञ



■ नियमित योग से तन और मन दोनों स्वस्थ रहते हैं।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पंडरिया

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस-2026 के उपलक्ष्य में पतंजलि परिवार पंडरिया द्वारा कनक भवन में प्रोटोकॉल आधारित योगाभ्यास एवं यज्ञ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में योग साधकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

भारत स्वाभिमान न्यास के जिला प्रभारी अजय चंद्रवंशी ने 45 मिनट के कॉमन योग प्रोटोकॉल के तहत योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान का अभ्यास कराया। इसके पश्चात वैदिक मंत्रोच्चार के साथ यज्ञ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में योग ऋषि स्वामी रामदेव एवं आचार्य बालकृष्ण के संदेशों का वाचन करते हुए योग को स्वस्थ एवं संतुलित जीवन का आधार बताया गया। मुख्य अतिथि नवल किशोर पाण्डेय ने कहा कि योग भारत की अमूल्य सांस्कृतिक धरोहर है, जिसे आज पूरा विश्व अपना रहा है। संग्राम चंद्रवंशी एवं संरक्षक नकुल चंद्राकर ने भी योग के महत्व पर अपने विचार रखे।

मीडिया प्रभारी विजय चंदेल ने कहा कि स्वामी रामदेव के योग संदेश को घर-घर तक पहुंचाना समय की आवश्यकता है। नियमित योग से तन और मन दोनों स्वस्थ रहते हैं तथा व्यक्ति सुखमय जीवन जी सकता है।

इस कार्यक्रम में रोहित जायसवाल, दिनेश चंद्रवंशी, भागवत चंद्राकर, आशुतोष चंद्रवंशी, परदेसी पटेल, संतोष निषाद, हेमंत साहू, राधेश्याम ठाकुर, गौरीशंकर गुप्ता सहित बड़ी संख्या में योग साधक उपस्थित थें। कार्यक्रम का संचालन भागवत चंद्राकर ने किया तथा अंत में सभी ने नियमित योग करने और योग के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया।

# किसानों ने नहर-नालियों की साफ-सफाई की उठाई मांग

■ नहर नालियों की सफाई नहीं होने से ग्रामीण किसानों की बढ़ी चिंता।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलेगांव



विकासखंड पंडरिया के ग्राम दुल्लापुर स्थित नदिया से क्षेत्र के किसानों को सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध कराया जाता है। इस नहर प्रणाली से कारीमाटी, मोहतरा कला, कंझेटा, कोलेगांव, अमली-मालगी, सोमनापुर, सैहामालगी, सेमरकोना और निगापुर सहित कई गांवों के किसान लाभान्वित होते हैं। लेकिन खेती-किसानी का मौसम शुरू होने के बावजूद नहर-नालियों की सफाई नहीं होने से किसानों में चिंता बढ़ गई है।

ग्रामीणों का कहना है कि नहर और नालियों में जगह-जगह कचरा जमा हो गया है, जिससे पानी के प्रवाह में बाधा उत्पन्न होने की आशंका है। वहीं नहरों में पूर्व में किए गए पिचिंग कार्य में भी कई स्थानों पर दरारें पड़ चुकी हैं, जिससे उनकी स्थिति जर्जर हो गई है। किसानों का कहना है कि बरसात शुरू होने से पहले नदियां से लेकर अंतिम छोर तक सभी नहर-नालियों की सफाई और आवश्यक मरम्मत कराई जानी चाहिए। उनका मानना है कि शासन द्वारा नहरों के रखरखाव और सफाई के लिए बजट उपलब्ध कराया जाता है, लेकिन इसके बावजूद समय पर कार्य नहीं हो पा रहा है।

किसानों ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि बारिश शुरू होने से पहले तत्काल नहर-नालियों की सफाई कराई जाए तथा क्षतिग्रस्त हिस्सों की मरम्मत की जाए। इससे सिंचाई के दौरान पानी का प्रवाह सुचारु रहेगा और किसानों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा। ग्रामीणों का कहना है कि कृषि क्षेत्र की ऐसी मूलभूत सुविधाओं पर समय रहते ध्यान देना आवश्यक है, ताकि किसानों को बिना किसी बाधा के सिंचाई का लाभ मिल सके।

# राष्ट्रीय जूनियर कराटे में दिव्यांशी ने रजत व वीरेन्द्र ने कास्य पदक प्राप्त की

■ छग को कुल 1 स्वर्ण, 2 रजत, 11 कांस्य पदक प्राप्त किए।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा



देहरादून में आयोजित राष्ट्रीय जूनियर एवं सब जूनियर कराटे प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें छत्तीसगढ़ के मुख्य कोच आकाश सिंह राजपूत मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ के 95 सदस्यीय टीम ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया। जिसमें कबीरधाम से जूनियर वर्ग की कराटे खिलाड़ी दिव्यांशी कुसरो ने 47 किलो ग्राम से कम वजन वर्ग में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करते हुए पहले राउंड में कर्नाटक को 8-0, अरुणाचल प्रदेश को 8-5, हरियाणा 6-5, केरल 8-0 एवं फाइनल में वेस्ट बंगाल से महज 3 पॉइंट के अंतराल से द्वितीय स्थान पर संतुष्ट करना पड़ा।

इसी प्रकार वीरेंद्र कुशरे ने 11 वर्ष के 35 किलो ग्राम के कम वजन वर्ग में ओड़िसा को 8-1, आंध्र प्रदेश को 8-0, आसम को 8-1 एवं झारखण्ड से 1-4 से सेमीफाइनल में तृतीय स्थान पर संतुष्ट करने पड़ा। इस प्रकार छत्तीसगढ़ को कुल 1 स्वर्ण, 2 रजत, 11 कांस्य पदक प्राप्त किए। इसके अतिरिक्त कबीरधाम के सुधांशु चंद्रवंशी, वैभव साहू, आंशिका चंद्रवंशी, अदिति मानिकपुरी, दुर्गेश कुशरे ने अपना उत्कृष्ठ प्रदर्शन किया। सभी खिलाड़ी पुलिस विभाग के आरक्षक आकाश सिंह राजपूत के मार्गदर्शन में करपात्री स्कूल में निरन्तर अभ्यास कर रहे है। खिलाड़ियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर कबीरधाम जिला कराटे संघ अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी, पन्ना चंद्रवंशी, जिला कराते संघ के पदाधिकारी गण एवं समस्त अभिभावकों एवं खिलाड़ियों ने शुभकामनाएं दी।

# योग दिवस की तैयारियां जोरों पर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बोड़ला

12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को लेकर मैकल श्रेणी के समीपस्थ ग्राम जैतपुरी-रामचुवा में तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। बाल योग शाला के माध्यम से ग्रामीणों एवं योग साधकों को सामान्य योग प्रोटोकॉल का निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जा रहा है। पतंजलि योगपीठ हरिद्वार से प्रशिक्षित योग प्रशिक्षक हरिराम साहू प्रतिदिन प्रातः 5:30 से 6:30 बजे तक योग दिवस में शामिल किए गए विभिन्न योगासनों एवं प्राणायाम का अभ्यास करा रहे हैं।

उन्होंने जिलेवासियों से 21 जून को अपने-अपने क्षेत्रों में आयोजित योग कार्यक्रमों में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की। योगाचार्य साहू ने बताया कि इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की थीम स्वस्थ वृद्धावस्था के लिए योग रखी गई है, जिसे आयुष मंत्रालय भारत सरकार द्वारा निर्धारित किया गया है।

उन्होंने कहा कि योग भारत की प्राचीन ऋषि परंपरा का विश्व को मिला अनमोल उपहार है, जो तन, मन और आत्मा को संतुलित एवं स्वस्थ रखने की वैज्ञानिक पद्धति है। वर्तमान जीवनशैली में योग शारीरिक स्वास्थ्य के साथ-साथ मानसिक शांति और आध्यात्मिक संतुलन का भी प्रभावी माध्यम बन चुका है।

बाल योग शाला में प्रतिदिन प्रार्थना, ताड़ासन, वृक्षासन, त्रिकोणासन, वज्रासन, कपालभाति, अनुलोम-विलोम प्राणायाम एवं ध्यान का अभ्यास कराया जा रहा है। योग दिवस को सफल बनाने के लिए ग्रामीणों में विशेष उत्साह देखा जा रहा है।

## 28 जून से जिले में शुरू होगा पल्स पोलियो अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

जिले में 28 जून से शुरू होने वाले पल्स पोलियो टीकाकरण अभियान के सफल संचालन एवं व्यापक जनजागरूकता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अभियान की रूपरेखा, पोलियो सर्विलांस व्यवस्था तथा नियमित टीकाकरण के महत्व के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई।

कार्यक्रम में यूनिसेफ बिलासपुर के सर्विलांस ऑफिसर डॉ. विनय कौशिक ने पोलियो उन्मूलन कार्यक्रम, बच्चों को समय पर पोलियो की खुराक दिलाने की आवश्यकता तथा निगरानी तंत्र की भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि पोलियो जैसी गंभीर बीमारी से बच्चों को सुरक्षित रखने के लिए प्रत्येक पात्र बच्चे तक टीकाकरण पहुंचाना बेहद आवश्यक है। स्वास्थ्य विभाग ने जिले के अभिभावकों से अपील की है कि वे अपने पांच वर्ष तक के बच्चों को पल्स पोलियो की खुराक अवश्य पिलाएं और पोलियो मुक्त समाज के निर्माण में सहयोग करें।

# शक्ति केंद्र कंझेटा में पीएम मोदी के मन की बात व बूथ सशक्तीकरण पर मासिक बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुण्डा



शनिवार को शक्ति केंद्र कंझेटा में भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल मार्गदर्शन में 12 वर्ष कार्यकाल पूर्ण होने के उपलक्ष्य में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम एवं सरकार की महत्वाकांक्षी योजना हर बूथ पर मासिक बैठक को लेकर महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।

बैठक में संगठन विस्तार व अन्य स्थानीय विषयों पर भी विस्तृत चर्चा हुई। प्रदेश भाजपा नेतृत्व के आह्वान पर जिला भाजपा अध्यक्ष राजेंद्र चंद्रवंश, मण्डल अध्यक्ष बालमुकुंद चंद्रवंशी व मण्डल प्रभारी पूर्व जिला कोषाध्यक्ष रूपेश जैन एवं मण्डल संयोजक जिला कार्यकारिणी सदस्य संतोष चंद्रवंशी के दिशा-निर्देश में कार्यक्रम के शक्ति केंद्र प्रभारी जिला कार्यकारणी सदस्य ओम यदु एवं सह प्रभारी दिनेश चंद्रवंशी के द्वारा शक्ति केंद्र कंझेटा अंतर्गत ग्राम मोहतरा, कुंआमालगी, पथर्रा, अमलीमालगी में बूथ स्तरीय मासिक बैठक लिया गया। जिसमें कार्यकर्ताओं ने मन की बात कार्यक्रम को बूथ स्तर पर अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने पर जोर दिया। तय हुआ कि हर महीने के अंतिम रविवार को सामूहिक रूप से कार्यक्रम सुना जाएगा। वहीं सरकार की योजना अनुसार शक्ति केंद्र के अंतर्गत आने वाले सभी बूथों पर महीने में एक बार अनिवार्य बैठक रखने का निर्णय लिया गया। इसमें केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं की जानकारी घर-घर पहुंचाई जाएगी।

बूथ समिति को सक्रिय करने, पन्ना प्रमुख नियुक्ति और मतदाता सूची पुनरीक्षण पर विशेष चर्चा हुई। साथ ही साथ लाभार्थियों से सीधा संवाद कर प्रधानमंत्री आवास, शौचालय, महतारी वंदन जैसे योजनाओं के लाभार्थियों से सीधा संवाद किया गया। इस अवसर पर भानुमती साहू, माखन चंद्रवंशी, फिरतू साहू, शेखर सिंगरौल, पंचराम साहू, कलप चंद्रवंशी, भरत चंद्रवंशी, भुलाउ चंद्रवंशी, ईश्वरी यादव सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।

**जैविक खाद के उपयोग से फसलों की पैदावार बेहतर होती है**

# खेतों में जैविक खाद डालने में जुटे किसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलेगांव



मानसून आगमन से पहले क्षेत्र के ग्रामीण किसान अपनी खेती-किसानी की तैयारियों में जुट गए हैं। किसान खेतों की साफ-सफाई के साथ-साथ घरों में तैयार किए गए जैविक खाद को खेतों तक पहुंचाने का कार्य कर रहे हैं।

किसानों ने बताया कि यह खाद गोबर, पैरा और भूसे से लगभग चार माह पहले तैयार किया जाता है। समय आने पर इसे खेतों में डालकर मिट्टी की उर्वरता बढ़ाई जाती है। किसानों का मानना है कि जैविक खाद के उपयोग से फसलों की पैदावार बेहतर होती है तथा भूमि की गुणवत्ता भी बनी रहती है। ग्रामीण किसानों के अनुसार जैविक खाद की मांग लगातार बढ़ रही है। इसके चलते एक ट्रैक्टर-ट्रॉली खाद की कीमत लगभग 5,000 से 6,000 रुपए तक पहुंच गई है।

किसानों का कहना है कि रासायनिक खाद की तुलना में जैविक खाद अधिक लाभकारी साबित होती है और इससे मिट्टी की सेहत भी बेहतर रहती है। वर्तमान में किसान खेतों में खाद डालने, मेड़ों की मरम्मत करने तथा अन्य कृषि कार्यों में व्यस्त हैं। अब सभी की निगाहें मानसून पर टिकी हैं। बारिश शुरू होते ही किसान बुवाई और अन्य कृषि कार्यों में पूरी तरह जुट जाएंगे।







विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

अनदेखी: पश्चिम पंडरिया वन परिक्षेत्र में सागौन के 50 पेड़ों की अवैध कटाई का आरोप

# मानसून के पूर्व जिले के जंगलों में कब्जाधारी व लकड़ी तस्कर सक्रिय

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

मानसून आगमन से पहले जिले के जंगलों में एक बार फिर अवैध कब्जाधारियों की गतिविधियां बढ़ने लगी हैं। आरोप है कि वन क्षेत्रों में हरे-भरे पेड़ों की कटाई कर खेती के लिए जमीन तैयार की जा रही है। चिंताजनक बात यह है कि यह सब जंगलों की सुरक्षा की जिम्मेदारी संभालने वाले वन विभाग और वन विकास निगम की नाक के नीचे हो रहा है, जबकि जिम्मेदार अधिकारी और कर्मचारी मूकदर्शक बने हुए हैं।

विश्वसनीय सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, पश्चिम पंडरिया वन परिक्षेत्र में सागौन के पेड़ों की अवैध कटाई का मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि ग्राम कुई से लगे लालपुर गांव के समीप स्थित सागौन प्लांट के कक्ष क्रमांक 440 एवं 441 में करीब 50 सागौन पेड़ों की कटाई की गई है। सूत्रों का दावा है कि कटाई के बाद क्षेत्र में खेती योग्य जमीन तैयार करने की भी कोशिश की जा रही है। इस मामले को लेकर क्षेत्र के ग्रामीणों में भारी नाराजगी है।

ग्रामीणों का आरोप है कि लकड़ी तस्करों और अवैध कब्जाधारियों को वनों की सुरक्षा में लगे विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों का संरक्षण प्राप्त है। उनका कहना है कि यदि विभाग की मिलीभगत नहीं है तो फिर इतने बड़े पैमाने पर पेड़ों की कटाई आखिर कैसे संभव हुई और इसकी जिम्मेदारी किसकी है।

ग्रामीणों का कहना है कि वन विभाग और वन विकास निगम की नियमित निगरानी एवं गश्त के बावजूद यदि वन क्षेत्र में दर्जनों पेड़ों की कटाई हो जाती है, तो यह सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े करता है। उनका आरोप है कि समय रहते कार्रवाई नहीं होने के कारण अवैध कब्जाधारियों के हौसले बुलंद हो रहे हैं और वे जंगलों को लगातार नुकसान पहुंचा रहे हैं। क्षेत्रवासियों ने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। साथ ही उन्होंने वन विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों और कर्मचारियों की जवाबदेही तय करते हुए दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई किए जाने की मांग की है। ग

ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते प्रभावी कदम नहीं उठाए गए तो वन क्षेत्र में अवैध कटाई और कब्जे की घटनाएं और बढ़ सकती हैं, जिससे पर्यावरण और वन संपदा को भारी नुकसान पहुंचेगा। हालांकि, इस संबंध में वन विभाग की ओर से अभी तक कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है। अब देखना होगा कि विभाग इस मामले की जांच कर दोषियों के खिलाफ क्या कार्रवाई करता है।



### वनअधिकार पट्टा का हो सीमांकन

यहां बताना लाजिमी होगा कि शासन के नियमानुसार वनांचलों में काबिज पात्र लोगों को खेती किसानी के लिए वन अधिकार पट्टा दिया गया है। लेकिन आरोप है कि इन पट्टाधारियों द्वारा साल दर साल जंगलों की अवैध कटाई कर अपने पट्टा का दायरा बढ़ाया जा रहा है और अवैध रूप से खेती की जा रही है। ऐसे में पर्यावरण प्रेमियों ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि मानसून पूर्व पट्टाधारियों की जमीन का सीमांकन किया जाए और अतिरिक्त में विभाग द्वारा वृक्षा रोपण कर उसे संरक्षित किया जाए।

### लकड़ी तस्करी व अवैध खेती के लिए काटे जाते हैं जंगल

भगवान भरोसे जिले के जंगलों में वैसे तो पूरे सालभर अवैध कटाई की खबरें सामने आते ही रहती है। लेकिन हर साल बारिश के पूर्व इस अवैध कृत्य में तेजी देखी जाती है। जानकारों के मुताबिक अवैध कब्जाधारियों द्वारा बारिश के सीजन में धान सहित दूसरी फसलों की खेती के लिए बड़े पैमाने पर जंगलों के हरेभरे पेड़ों को काटकर उन्हें खेतों में तब्दील कर दिया जाता है और उनमें खेती किसानी कर आय अर्जित की जाती है। वहीं बारिश के दिनो में जंगल घना हो जाने के कारण विभाग की गस्त कम हो जाती है जिसका बेजा फायदा लकड़ी तस्कर उठाते हैं और जंगलों से कीमती ईमारती पेड़ों की जमकर अवैध कटाई की जाती है।

# पहली बारिश में ही उफनी नगर की कई नालियां



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

नगर पालिका भले ही आगामी वर्षा ऋतु को ध्यान में रखते हुए शहर के बड़े नालों और नालियों की साफ-सफाई कराने का दावा कर रही हो, लेकिन शहर के वार्डों के अंदरूनी इलाकों में अब भी नालियों की सफाई व्यवस्था चौपट नजर आ रही है। इसका नजारा बीते शनिवार की देर शाम कवर्धा में हुई प्री-मानसून की पहली झमाझम बारिश के दौरान देखने को मिला।

गौरतलब है कि शनिवार की देर शाम कवर्धा में अचानक मौसम बदलने के साथ तेज बारिश हुई। इस बारिश ने जहां लोगों को भीषण गर्मी और उमस से काफी हद तक राहत दी, वहीं दूसरी ओर नगर के कई वार्डवासियों के सामने गंभीर समस्या भी खड़ी कर दी।

बताया जाता है कि तेज बारिश के कारण नगर के कई हिस्सों में कूड़ा-कचरा और गंदगी से अटी पड़ी नालियां, साफ-सफाई के अभाव में उफान मारने लगीं और उनका गंदा पानी सड़कों पर बहने लगा। लोगों के घरों के सामने गंदा और बदबूदार पानी जमा होने तथा सड़कों पर गंदगी फैलने से उन्हें भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा।

वार्डवासियों ने नगर पालिका प्रशासन से मांग की है कि मानसून के सक्रिय होने से पहले नगर के सभी वार्डों की नालियों की समुचित साफ-सफाई कराई जाए तथा पानी निकासी की उचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

### नपा कर रही है जागरूकता की अपील

हालांकि, इस तरह की स्थितियों से निपटने के लिए नगर पालिका प्रशासन और जनप्रतिनिधियों द्वारा नगरवासियों से लगातार अपील की जा रही है कि वे अपने घरों से निकलने वाले कचरे को नालियों अथवा खुले स्थानों पर न फेंकें, बल्कि नगरपालिका की कचरा गाड़ी में ही डालें, ताकि नालियां जाम न हों और पानी निकासी की व्यवस्था बेहतर ढंग से बनी रहे। इसके बावजूद कुछ लोग लापरवाही बरत रहे हैं, जिससे समस्या और गंभीर होती जा रही है।

## खबर संक्षेप



### लोहारा पुलिस ने दी ईमानदारी की मिसाल

**कवर्धा।** थाना लोहारा पुलिस ने रात्रिकालीन गश्त के दौरान ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा का उत्कृष्ट परिचय देते हुए एटीएम में फंसी 10 हजार रुपये की नकद राशि को सुरक्षित अभिरक्षा में लेकर थाने में जमा कराया। पुलिस की इस सराहनीय पहल की क्षेत्र में प्रशंसा हो रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, थाना लोहारा क्षेत्र में रात्रि गश्त के दौरान पुलिस दल ग्राम बिड़ोंरा स्थित भारतीय स्टेट बैंक के एटीएम का निरीक्षण कर रहा था। इसी दौरान एटीएम मशीन में 10 हजार रुपए की नकद राशि फंसी हुई दिखाई दी। मामले की गंभीरता को देखते हुए गश्ती दल में शामिल प्रधान आरक्षक क्रमांक 380 गोपाल राजपूत तथा उनके साथ मौजूद सीएएफ आरक्षक क्रमांक 648 और 354 ने तत्परता दिखाते हुए उक्त राशि को सुरक्षित अभिरक्षा में ले लिया। इसके बाद नियमानुसार पूरी प्रक्रिया का पालन करते हुए राशि को थाना लोहारा लाकर जमा कराया गया। पुलिसकर्मियों की ईमानदारी और जिम्मेदार कार्यप्रणाली से एक बार फिर यह साबित हुआ है कि पुलिस न केवल कानून-व्यवस्था बनाए रखने में बल्कि नागरिकों की संपत्ति की सुरक्षा के प्रति भी पूरी तरह सजग और प्रतिबद्ध है। क्षेत्र के लोगों ने पुलिस के इस कार्य की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए प्रेरणादायक बताया है।

# जिले को मलेरिया मुक्त बनाने अभियान आज से

## त्वरित जांच एवं पूर्ण उपचार पर जोर



- वर्षाकाल में बढ़ जाता है जिले में मलेरिया का प्रकोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

कबीरधाम जिले में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के तहत मलेरिया मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान के अंतर्गत 14वां चरण दिनांक 15 जून 2026 से 14 जुलाई 2026 तक संचालित किया जाएगा।

इस अभियान का उद्देश्य वर्ष 2030 तक राज्य को पूर्णतः मलेरिया मुक्त बनाना तथा वर्ष 2027 तक शून्य स्थानीय मलेरिया प्रकरण प्राप्त करना है। इस दौरान समुदाय स्तर पर मलेरिया परजीवी के समूल उन्मूलन एवं संक्रमण श्रृंखला को समाप्त करने के लिए व्यापक स्तर पर सर्वेक्षण जांच, उपचार एवं जन-जागरुकता गतिविधियां संचालित की जाएंगी। सीएमएचओ डॉ तूरे ने बताया कि अभियान के सफल संचालन के लिए सभी संबंधित स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं का प्रशिक्षण एवं बैठक आयोजित की जा चुकी है तथा मैदानी स्तर पर कार्ययोजना को अंतिम रूप दिया जा चुका है।

विकासखंड बोड़ला के 114 ग्रामों में की 58,159 जनसंख्या को कवर करते हुए घर-घर जाकर मलेरिया जांच की जाएगी। इसके लिए 114 सर्वे दल गठित किए गए हैं जिनमें प्रत्येक दल में दो स्वास्थ्य कार्यकर्ता शामिल हैं। सर्वे के दौरान प्रत्येक घर में स्टिकर चस्पा किया जाएगा तथा जांच किए गए व्यक्तियों के पैर के अंगूठे के नाखून में नेल मार्किंग की जाएगी, जिससे दोहराव से बचा जा सके और शत-प्रतिशत कवरेज सुनिश्चित हो।

### घर-घर जाकर की जाएगी मलेरिया जांच

अभियान के अंतर्गत घर-घर जाकर आरडीटी किट के माध्यम से मलेरिया जांच की जाएगी तथा पॉजिटिव पाए जाने वाले मरीजों को तत्काल मलेरिया रोधी दवाएं उपलब्ध कराकर पूर्ण उपचार सुनिश्चित किया जाएगा। जांच किए गए व्यक्तियों का विवरण आयुष्मान कार्ड नंबर/आभा आईडी नंबर/राशन कार्ड नंबर के आधार पर मोबाइल एनआईसी ऐप में रियल टाइम दर्ज किया जाएगा, जिससे निगरानी एवं मूल्यांकन की प्रक्रिया सुदृढ़ एवं पारदर्शी बनी रहे। साथ ही मच्छरदानी के उपयोग को बढ़ावा दिया जाएगा तथा लार्वा स्रोत नियंत्रण एवं स्वच्छता गतिविधियों को प्रभावी रूप से लागू किया जाएगा।अभियान के दौरान जिला एवं विकासखंड स्तर के अधिकारियों द्वारा नियमित निगरानी की जाएगी तथा साप्ताहिक समीक्षा के माध्यम से प्रगति का मूल्यांकन किया जाएगा।

# शासकीय महाविद्यालय बोड़ला की बड़ी उपलब्धि, दो छात्राएं करेंगी कच्छ विश्वविद्यालय में विशेष अध्ययन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बोड़ला

शासकीय स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय बोड़ला ने विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास और उच्च शिक्षा को रोजगारोन्मुखी बनाने की दिशा में एक और ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। महाविद्यालय और प्रतिष्ठित समर्थ चैरिटेबल ट्रस्ट' के बीच हुए एमओयू के तहत कॉलेज की दो होनहार छात्राओं अमीषा हठीले पिता मन्नू लाल हठीले एवं पिंकी खुशाम पिता तोरण सिंह खुशाम का चयन सहगामी भूजल प्रबंधन आधारित एक वर्षीय विशेष पाठ्यक्रम के लिए हुआ है।

इसके अध्ययन लिए दोनों विद्यार्थी क्रांतिगुरु श्याम जी कृष्ण वर्मा कच्छ विश्वविद्यालय, भुज गुजरात जायेंगे। बोड़ला महाविद्यालय विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए इस तरह का प्रयास करने वाला कबीरधाम जिले का यह पहला महाविद्यालय है। इस अनुबंध के अंतर्गत चयनित छात्राएं गुजरात के भुज में रहकर सहगामी भूजल प्रबंधन के विभिन्न आयामों, जमीनी प्रबंधन और सामुदायिक सशक्तिकरण का व्यावहारिक प्रशिक्षण प्राप्त करेंगी। यह एक वर्षीय पाठ्यक्रम पूरी तरह से आवासीय और प्रयोगात्मक होगा, जिससे छात्राओं को राष्ट्रीय स्तर पर अपने कौशल को निखारने का अवसर मिलेगा।

### महाविद्यालय प्रशासन ने दी बधाई

इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर शासकीय महाविद्यालय बोड़ला के प्राचार्य उमेश कुमार पाठक ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा, हमारा उद्देश्य केवल किताबी ज्ञान देना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों को वैश्विक और राष्ट्रीय मंचों के लिए तैयार करना है। समर्थ चैरिटेबल ट्रस्ट के साथ यह एमओयू हमारे विद्यार्थियों के लिए नए तकनीकी और व्यावहारिक दरवाजे खोलेगा। ट्रस्ट के एग्रोफॉरेस्ट्री एक्सपर्ट गुरप्रीत सिंह ने बताया कि ग्रामीण अंचल के प्रतिभावान युवाओं को मुख्यधारा से जोड़ने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए यह पहल की गई है। कच्छ विश्विद्यालय में प्रशिक्षण के दौरान छात्राओं के रहने, खाने और पढ़ाई के लिए ट्रस्ट के सहयोग से छात्रवृत्ति दी जाएगी।

## जनसंवाद से विधायक ने किया लोगों की समस्याओं का समाधान...

**कवर्धा।** क्षेत्रीय विधायक भावना बोहरा ने रविवार को जनसेवा ही भावना सेवा सुविधा केंद्र (विधायक कार्यालय), रणवीरपुर में क्षेत्रवासियों, भाजपा पदाधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों से मुलाकात कर क्षेत्र से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की और उनकी समस्याओं के त्वरित समाधान हेतु अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होने कहा कि जनता की हर समस्या का निराकरण और उनकी सुविधाओं का विस्तार हमारी प्राथमिकता है। समृद्ध पंडरिया के संकल्प पूर्ति की इस यात्रा में प्रत्येक जन के सुझाव हमारे लिए बहुमूल्य है।



375 वर्ष पुरानी तालपत्र पांडुलिपि सहित 38 दुर्लभ दस्तावेज चिन्हित


# इतिहास की अनमोल धरोहर का मिला खजाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय द्वारा संचालित ज्ञान भारतम् राष्ट्रीय पांडुलिपि सर्वेक्षण के तहत कलेक्टर गोपाल वर्मा के मार्गदर्शन में कबीरधाम जिले में चलाए गए अभियान में इतिहास, संस्कृति और ज्ञान परंपरा से जुड़ी 38 महत्वपूर्ण एवं दुर्लभ पांडुलिपियों और ऐतिहासिक दस्तावेजों की पहचान की गई है।

इनमें कई ऐसी पांडुलिपियाँ शामिल हैं जो न केवल जिले की सांस्कृतिक विरासत को समृद्ध बनाती हैं, बल्कि भारतीय ज्ञान परंपरा के बहुमूल्य अध्यायों को भी उजागर करती हैं। सर्वेक्षण के दौरान प्राप्त दस्तावेजों में सबसे उल्लेखनीय लगभग 375 वर्ष पुरानी तालपत्र पर लिखित बंगाली भाषा की पाक कला संबंधी पांडुलिपि है। यह दस्तावेज उस दौर की जीवन शैली, खानपान संस्कृति और पारंपरिक ज्ञान को समझने की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है। तालपत्र पर संरक्षित इतने प्राचीन दस्तावेज आज अत्यंत दुर्लभ हैं। सर्वेक्षण में संस्कृत भाषा में लिखित सन 1856 की श्रीमद् भगवत गीता एवं गजेंद्र मोक्ष से संबंधित पांडुलिपि भी प्राप्त हुई है। इसके अलावा संस्कृत में रचित सन 1839 की गीत गोविंद पांडुलिपि भारतीय भक्ति साहित्य और काव्य परंपरा की अमूल्य धरोहर के रूप में सामने आई है। इतिहासकारों के लिए विशेष महत्व रखने वाले रामनगर (मंडला) शिलालेख का हिंदी अनुवाद, भोरमदेव शिलालेख का सन 1867 का अनुवाद प्राप्त हुआ है।

सर्वेक्षण में ब्रह्मांड के चित्रांकन से संबंधित संस्कृत दस्तावेज तथा जैमिनी परंपरा से जुड़ी पोथियाँ भी प्राप्त हुई हैं, जो भारतीय दर्शन, ज्योतिष, खगोल और वैदिक चिंतन की समृद्ध परंपरा की झलक प्रस्तुत करती हैं। ये सभी ऐतिहासिक दस्तावेज कवर्धा के आदित्य श्रीवास्तव से प्राप्त हुए हैं। वहीं अजय कुमार चन्द्रवंशी के पास से मड़वा महल शिलालेख का सन 1898 ईस्वी का पद्यात्मक अनुवाद भी सर्वेक्षण में प्राप्त हुआ है। ये दस्तावेज मध्यभारत के ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और राजनीतिक परिदृश्य को समझने के महत्वपूर्ण स्रोत हैं।



### ग्राम बसनी निवासी सुभाष पाण्डेय सहेजी पांडुलिपियां



ज्ञान भारतम् राष्ट्रीय पांडुलिपि सर्वेक्षण अभियान के अंतर्गत जिले के ग्राम बसनी निवासी सुभाष पाण्डेय के निजी संग्रह से धर्म, दर्शन एवं वैदिक परंपराओं से संबंधित अनेक दुर्लभ पांडुलिपियां प्राप्त हुई हैं। इनमें जलाशयाराम मठोत्सर्ग विधि (संवत 1981), महामृत्युंजय स्त्रोत (संवत 1943), संध्या विधि (संवत 1983), त्रांत्रिक संध्या (संवत 1932), श्राद्ध पद्धति (संवत 2020), गुरूगीता (1965), दिव्य (संवत 1963), कीर्तिकात्सर्ग (संवत 1920), कपिला सर्पण विधि (संवत 2020), वनोत्सर्गादि विधि (संवत 1944) तथा रघुनाथ चरण चिन्हं स्त्रोत (संवत 1931) जैसी महत्वपूर्ण पांडुलिपियाँ शामिल हैं। इन पांडुलिपियों में धार्मिक अनुष्ठानों, वैदिक विधानों, आध्यात्मिक साधना तथा लोकपरंपराओं से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी संरक्षित है, जो क्षेत्र की सांस्कृतिक एवं बौद्धिक विरासत को समझने की दृष्टि से अत्यंत मूल्यवान हैं। इस संबंध में सुभाष पाण्डेय ने बताया कि मेरे घर ग्राम बसनी में मेरे पूर्वजों द्वारा संरक्षित पाण्डुलिपियां आज भी सुरक्षित हैं जो तंत्र शास्त्र, ज्योतिष कर्मकांड आदि से संबंधित हैं जिनमे से अधिकांश ग्रंथो का लेखन मेरे प्रपितामह पं नंदन प्रसाद पौराणिक के द्वारा हुआ है और उनका सरक्षण मेरे पितामह -त्रय पं शिवप्रसाद पाण्डेय पं वनमाली प्रसाद पाण्डेय पं रविशंकर पाण्डेय द्वारा हुआ।

# ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम का पालन करने पंचायतों को निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

विकासखंड बोड़ला के ग्राम पंचायत भलपहरी एवं नेउरगांवकला में स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण अंतर्गत चल रहे कार्यों का निरीक्षण करने मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत कबीरधाम अभिषेक अग्रवाल मौके पर पहुंचे।

उन्होंने गोबरधन योजना के अंतर्गत गोबर गैस प्लांट एवं ठोस अपशिष्ट प्रबंधन 2026 के तहत चल रहे कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान सरपंच, सचिव, पंच एवं ग्राम वासियों को घर-घर कचरा संग्रहण करने, प्रत्येक घर से यूजर चार्ज लेने महिला समूहों को प्रोत्साहन राशि प्रदाय करनें के संबंध में चर्चा की गई। निरीक्षण के दौरान उपस्थित ग्रामीणों से कहा कि स्वच्छ गांव तभी स्वच्छ बनाया जा सकता है जब सभी की भागीदारी होगी। सभी नागरिक एवं महिला स्वच्छाग्रही की भागीदारी के साथ सामूहिक सहभागिता और प्रत्येक घर में गीला कचरा, सूखा कचरा, सेनेटरी कचरा एवं विशेष कचरा का निपटान एवं प्लास्टिक का उपयोग कम हो। ग्रामीणों से चर्चा करते हुए सीईओ अभिषेक अग्रवाल ने कहा कि ज्यादा वेस्ट जेनरेट करनें वाले स्थान जैसे ढाबा, मैरिज हाल, हॉटल इत्यादि जो अधिक कचरा प्रतिदिन करते है उनका चिन्हांकन कर ऑनलाईन रजिट्रेशन करने के निर्देश दिए गए।



ग्राम पंचायत सचिव को निर्देशित किया गया कि कचरा डंपिंग स्थल का चयन कर कचरे का उचित तरीके से निपटान करवाएं। निरीक्षण के दौरान ग्राम पंचायत के सरपंच सचिव योजना से जुड़े अधिकारी एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।